

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-22 | सीहोर, गुरूवार 06 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## आंदोलनरत किसानों के चंडीगढ़ कूच को देखते हुए सभी बॉर्डर सील, पुलिस अलर्ट पर



चंडीगढ़,(ए.)। पंजाब के किसान अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसके चलते किसान चंडीगढ़ कूच करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेतृत्व में यह आंदोलन हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर चंडीगढ़ पुलिस ने सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया है और यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है।भारतीय किसान यूनियन (एकता-उघराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उघराहां ने किसानों से अपील की है कि वे सड़कों, राजमार्गों और रेलवे पटरियों को अवरुद्ध न करें और जहां उन्हें रोका जाता है, वहीं सड़क किनारे धरना दें। एसकेएम ने पंजाब सरकार पर विरोध के अधिकार को दबाने का आरोप लगाया है।

**किसानों की प्रमुख मांगें**

आंदालनरत किसानों की प्रमुख मांगों में कृषि नीति के क्रियान्वयन, भूमिहीन मजदूरों को भूमि वितरण और किसानों की कर्ज माफी शामिल हैं। प्रशासन ने प्रदर्शन के लिए अभी तक कोई निर्धारित स्थान आवंटित नहीं किया है, जिससे तनाव बढ़ने की आंशका व्यक्त की जा रही है।

## हाइटेंशन तार की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत, मृतकों में 2 बच्चे भी शामिल

नवादा (आरएनएस)। बिहार में नवादा के नारदीगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर इलाके में आज एक हृदयविदारक घटना घटी, जिसमें करंट लगने से दो बच्चों, एक महिला और एक पुरुष सहित चार लोगों की जान चली गई।यह दुखद हादसा तब हुआ जब मृतक बस से उतरकर आगे की ओर जा रहे थे। वे दुर्भाग्यवश रास्ते में गिरे हुए एक हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस राजगीर से वनगंगा होते हुए खिजरसराय की ओर जा रही थी. घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया है।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में इस दुखद घटना से शोक की लहर है।

## पीएम मोदी ने बीजू पटनायक को उनकी 109 वीं जयंती पर किया याद

नई दिल्ली (आरएनएस)। ओडिशा के लोकप्रिय सीएम बीजू पटनायक की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें याद किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आपातकाल के दौरान उनके कड़े विरोध को भी याद किया।

पीएम मोदी ने कहा, बीजू बाबू को उनकी जयंती पर याद करते हुए, हम ओडिशा के विकास और लोगों को सशक्त बनाने में उनके योगदान को याद करते हैं। वे लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध थे और उन्होंने आपातकाल का कड़ा विरोध किया था।

बता दें कि 5 मार्च 1916 को ओडिशा के गंजाम जिले में जन्मे विजयानंद (बीजू) पटनायक दो बार ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे और अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। लेकिन इसके साथ ही, वह एक स्वतंत्रता सेनानी और बहादुर पायलट भी थे।बीजू पटनायक को एविएशन में गहरी रुचि थी, और उन्होंने पायलट बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए अपनी पढ़ाई छोड़ दी।

## औरंगजेब की तारीफ पड़ गई भारी, विधानसभा से सस्पेंड हुए सपा विधायक अबू आजमी

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र विधानसभा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब पर दिए गए एक विवादास्पद बयान के कारण पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। यह निलंबन बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद किया गया।संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने अबू आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। यह कार्रवाई अबू आजमी द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित फिल्म 'छावा' को लेकर दिए गए एक बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने औरंगजेब को एक अच्छा प्रशासक बताया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुधीर मुंगंटीवार ने इस निलंबन पर और कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अबू आजमी को न केवल इस सत्र के लिए, बल्कि हमेशा के लिए विधायक पद से निलंबित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, हम छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा करते हैं और उनका अपमान करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।अबू आजमी ने हाल ही में 'छावा' फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों के चित्रण की आलोचना करते हुए कहा था कि औरंगजेब एक न्यायप्रिय शासक था।



## विजय वाड्डेटीवार ने अजीत पवार गुट में शामिल होने की खबरों को किया खारिज

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक विजय वाड्डेटीवार को लेकर चर्चा चल रही है कि वह एनसीपी नेता अजीत पवार के संपर्क में हैं।सूत्रों के मुताबिक वाड्डेटीवार और पवार के बीच बातचीत हो रही है और यह कयास लगाए जा रहे हैं कि विजय वाड्डेटीवार जल्द ही अजीत पवार के गुट में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस नेता और विधायक विजय वाड्डेटीवार ने इन खबरों को सिरे से नकारते हुए इसे अफवाह बताया। वाड्डेटीवार ने कहा, ये सब अफवाहें हैं, मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। जिस पार्टी का कोई भविष्य नहीं है, उस पार्टी में क्यों जाऊं?

## कोर्ट ने राहुल गांधी पर लगाया 200 रुपये का जुर्माना और दी चेतावनी, जानें पूरा मामला

लखनऊ(ए)। लखनऊ की अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर वीर सावरकर पर दिए गए बयान के मामले में 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह फैसला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर सुनाया है। अदालत ने राहुल गांधी को 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है, नहीं तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।राहुल गांधी पर वीर सावरकर पर दिए गए बयान के मामले में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने राहुल गांधी को हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन वे कोर्ट में पेश नहीं हुए। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की तरफ से वकील प्रांशु अग्रवाल पेश हुए। उन्होंने अदालत में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। इसमें उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस समय लोकसभा में



विपक्ष के नेता हैं। दिल्ली में उनकी एक महत्वपूर्ण बैठक थी। इसके अलावा भी उन्हें कुछ और कार्यक्रमों में जाना था। जिसके कारण वे अदालत में हाजिर नहीं हो सके।


## न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में, 9 मार्च को भारत से होगा मुकाबला

*न्यूजीलैंड के 362 रनों के विशाल लक्ष्य को अफ्रीका मात्र 312 रन ही बना पाया*



लाहौर (ए.)। न्यूजीलैंड ने अफ्रीका को 50 रन से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया। न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

## अब 9 घंटे नहीं, 36 मिनट में होगी केदारनाथ की यात्रा, मोदी सरकार ने इस बड़े प्रोजेक्ट को दी मंजूरी



नई दिल्ली(ए.)। सरकार ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थिति तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोपवे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड रुपए की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को आज मंजूरी प्रदान की। केदारनाथ जाने में एक तरफ से कम से कम 9 घंटे का समय लगता है। रोपवे बन जाने के बाद यह यात्रा 36 मिनट में होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुई बैठक में इन दोनों परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन परियोजनाओं पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण-डीबीएफओटी मोड पर काम कराया जाएगा जिन्हें चार से छह वर्ष के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों रोपवे परियोजनाओं को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) द्वारा बनाया जाएगा।वैष्णव बताया कि उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ 12.9 किलोमीटर लम्बी रोपवे परियोजना के निर्माण पर 4081.28 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह परियोजना सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला-3एस तकनीक पर आधारित होगा जिसकी डिजाइन क्षमता 1800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा होगी,जो प्रति दिन 18 हजार यात्रियों को लाने ले जाने में सक्षम होगी। एक गोंडोला मिनी बस के समान होगा जिसमें एक बार में 36 यात्री सवारी कर सकेंगे।

## अब सैटेलाइट से चलेगा इंटरनेट, देश के कोने-कोने से समुद्र तक में मिलेगी स्पीड

**जहां केबल और मोबाइल टॉवर की सुविधा नहीं वहां भी होगी कनेक्टिविटी**

नई दिल्ली,(ए.)। भारत में जल्द सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस का शुरु होने वाली है। इस साल जून की शुरूआत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू हो सकती है। दूरसंचार नियामक इस सर्विस के लिए बेस तैयार कर रहा है, जो दूरदराज और समंदर तक में इंटरनेट पहुंचाने में सक्षम है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) सैटेलाइट कम्युनिकेश के प्राइसिंग और उपयोग पर सिफारिशों के एक सेट को अंतिम रूप दे रहा है, जिसे पिछले दो सालों से तैयार किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जैसे ही इसकी रूपरेखा तैयार होगी उसके बाद स्पेक्ट्रम एलोकेट किया जाएगा। रिलायंस जियो इन्फोकॉम, भारती एयरटेल और स्टारलिंक द्वारा सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस की तैयारी कर रहे हैं।



## गुजरात गोधरा कांड : केंद्र सरकार ने 14 गवाहों की हटाई सुरक्षा, सिक्योरिटी में तैनात थे 150 सीआईएसएफ जवान

नई दिल्ली (आरएनएस)। गुजरात के गोधरा कांड के गवाहों की सुरक्षा हटा दी गई है। केंद्र सरकार की तरफ से ये फैसला लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 14 गवाहों की सुरक्षा हटाई गई है। जिन्हें सीआईएसएफ के 150 जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी। गृह मंत्रालय ने एसआईटी की रिकमेंडेशन रिपोर्ट के आधार पर 14 गवाहों की सुरक्षा को हटाने का फैसला लिया है। गोधरा कांड पर बनी एसआईटी ने 10 नवंबर 2023 को इन गवाहों की सुरक्षा हटाने की अपनी रिपोर्ट दी थी।

## आप इसे कैसे लागू नहीं कर रहे; सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र को लगाई डांट




नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने आज केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को लागू न करने पर कड़ी फटकार लगाई है। हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के 2006 के विवाह रजिस्ट्रेशन संबंधी आदेश पर सुनवाई कर रहा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि यह तो चौंकाने वाला है कि आप सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कैसे लागू नहीं कर रहे हैं। इसी के साथ अदालत ने मोदी सरकार को आदेश दिया कि वे तीन महीने के अंदर शादियों के अनिवार्य पंजीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि यह दयनीय और चौंकाने वाला है कि 2006 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश,जिसमें सभी शादियों को धर्म की परवाह किए बिना अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने के लिए कहा गया था,को अभी तक अधिकारियों ने लागू नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि यह वास्तव में दयनीय है। यह चौंकाने वाला है कि आप सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कैसे लागू नहीं कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने दोनों सरकारों को एक याचिका पर नोटिस भी जारी किया,जिसमें गृह मंत्रालय को शादी के पंजीकरण के लिए एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2006 में फैसला सुनाया था कि सभी शादियां,उनके धर्म की परवाह किए बिना, अनिवार्य रूप से पंजीकृत होनी चाहिए और केंद्र और सभी राज्यों को तीन महीने के भीतर इसके लिए नियम बनाने और अधिसूचित करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली सरकार ने 21 अप्रैल, 2014 को शादी के अनिवार्य पंजीकरण के लिए कुछ प्रावधानों वाला एक आदेश जारी किया था। इस आदेश को दिल्ली (शादी का अनिवार्य पंजीकरण) आदेश, 2014 के रूप में जाना जाता है। हालांकि,याचिकाकर्ता ने नियमों में कई कमियां और खामियां बताईं, और कहा कि राज्य और केंद्र सरकार को इसके बारे में सूचित किया गया था। याचिकाकर्ता आकाश गोयल ने कहा कि 2006 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बताए गए उचित कानून के अभाव में,शादियों के पंजीकरण के लिए जो तरीका उपलब्ध है, वह न केवल अपर्याप्त है और पंजीकरण चाहने वाले लोगों को परेशानी होती है,बल्कि यह शादियों के अनिवार्य पंजीकरण के उद्देश्य को भी पूरा नहीं करता है।

## रुद्राक्ष महोत्सव से आया बूम, सीहोर में हुआ 20 करोड़ का कारोबार



सीहोर (निप्र) सीहोर जिला मुख्यालय की आर्थिक धुरी खेती-किसानी पर ही टिकी है। फसल आने पर ही बाजार में रौनक आती है। पिछले लंबे समय से बाजार में मंदी का असर सीहोर के बाजार में भी देखा जा रहा था। व्यापारियों को रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर व्यापार में तेजी देखी जा रही थी। व्यापारियों की आशानुरूप रुद्राक्ष महोत्सव से बाजार में आई हुई मंदी में तेजी देखी गई। सीहोर में रुद्राक्ष महोत्सव करीब 20 करोड़ रुपए का बूम लेकर आया। इससे व्यापारियों के चेहरे खिले हुए नजर आए। जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर सात दिवसीय भव्य रुद्राक्ष महोत्सव 25 फरवरी से लेकर 3 मार्च तक चला। महोत्सव को लेकर विठ्लेश समिति, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने आयोजन के एक माह पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी। भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और शिवपुराण श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष महोत्सव शुरू होने के पहले से ही आना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे रुद्राक्ष महोत्सव की तिथि नजदीक आई। श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती गई।रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान शहर में स्थित करीब 200 छोटी, बड़ी होटलें और धर्मशालाएं फुल रहीं। इसके अलावा रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर शहर में 2000 से अधिक स्थानों पर लोगों ने अपने घरों को गेस्ट हाउस का रूप दे दिया था। होटले और धर्मशालाओं में रुकने की जगह नहीं मिलने पर श्रद्धालुओं ने इन गेस्ट हाउसों चुना। गेस्ट हाउस में गरीब और मध्यम वर्ग के श्रद्धालुओं ने भी कम खर्च में रुकने की जगह मिलने के कारण चुना। इसके कारण रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान इस बार प्रतिदिन दो से 8 लाख श्रद्धालुओं के आने के कारण भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा।




## गूगल मैप ने लील ली स्टेशन मास्टर की जान, 30 फीट गहरे नाले में गिरने से हुई मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। गूगल मैप एक बार फिर घातक साबित हुआ, ग्रेटर नोएडा में स्टेशन मास्टर की जान गई। गूगल मैप के निर्देशों का पालन करते हुए गाड़ी चला रहे स्टेशन मास्टर की कार एक गहरे नाले में गिर गई, जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना उस समय हुई जब स्टेशन मास्टर एक बारात में शामिल होने जा रहे थे।

यह दुखद घटना बीटा टू थाना क्षेत्र के पी 3 सेक्टर के पास घटी। मृतक की पहचान दिल्ली के मंडावली निवासी भरत भाटी के रूप में हुई है, जो स्टेशन मास्टर थे। जानकारी के अनुसार, भाटी हाल ही में एक विवाह समारोह में भाग लेने के लिए अपनी कार से जा रहे थे। जैसे ही वह केंद्रीय विहार 2 सोसायटी के सामने तेज़ गति से अपनी कार लेकर पहुंचे, रास्ता अचानक समाप्त हो गया, और उनकी कार लगभग 30 फीट गहरे नाले में जा गिरी। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

# जीआईएस भोपाल से ग्लोबल हुआ प्रदेश का स्टार्ट-अप इको सिस्टम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीआईएस-भोपाल में देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश भी तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकांक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों के आइडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'फ्यूचर-फ्रंटियर : स्टार्ट-अप पिचिंग' सेशन नें प्रदेश के स्टार्ट-अप्स इकोसिस्टम को पंख दे कर ग्लोबल बना दिया है। आधुनिक तकनीक के इस युग में देश के स्टार्ट-अप जगत में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज चुका है। जीआईएस-भोपाल में 20 से अधिक यूनिकॉर्न के संस्थापकों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है। स्टार्ट-अप पर फोकस्ड सेशन 'फ्यूचर-फ्रंटियर : स्टार्ट-अप पिचिंग' में शामिल होने के लिए कुल 180 स्टार्ट-अप्स ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 25 हाईली पोटेंशियल स्टार्ट-अप्स ने प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के विश्लेषण के बाद उन्हें जरूरी मार्गदर्शन और निवेश के अवसर भी मिले। इस सेशन में कुल 47 स्टार्ट-अप शामिल हुए थे। इनमें से 19 स्टार्ट-अप्स को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए। आईआईसीई ने 4 स्टार्ट-अप्स में रुचि दिखाई, एसजीएसआईटीएस ने 3 स्टार्ट-अप्स में, सिल्वर नीडल वेंचर्स ने 3 स्टार्ट-अप्स में, आईटीआई ग्रोथ ने 3 स्टार्ट-अप्स में, ईज़ीसीड ने 7 स्टार्ट-अप्स में, सीफंड ने 3 स्टार्ट-अप्स में, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 स्टार्ट-अप्स में, वीएएसपीएल इनिशिएटिव्स ने 4 स्टार्ट-अप्स में, एआईस-आरएनटीयू ने 5 स्टार्ट-अप्स में तथा



इक्कैनिमिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 5 स्टार्ट-अप्स में निवेश की अभिरुचि प्रदर्शित की।

**स्टार्ट-अप्स को मिल रही है वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन**

मध्यप्रदेश में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति के उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 18 फीसदी, अधिकतम 18 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मिल रही है। अन्य स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 15 प्रतिशत सहायता, अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके साथ इन्क्यूबेटर विस्तार के लिए 5 लाख रुपये का एक मुश्त अनुदान, स्टार्ट-अप्स के ऑफिस किराए में 50 फीसदी राशि की वापसी (तीन वर्षों तक प्रतिमाह 5,000 रुपये) की भी व्यवस्था की गई है। नीति में पेटेंट कराने पर 5 लाख रुपये तक की सहायता और पेटेंट फाइल करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहायता का भी प्रावधान किया गया है।

**महिला उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को विशेष प्रोत्साहन**

मध्यप्रदेश में इस समय 4,900 से अधिक स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत स्टार्ट-अप्स महिलाओं द्वारा संचालित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्टार्ट-अप इंडिया के तहत पंजीकृत स्टार्ट-अप्स की संख्या को 100 प्रतिशत तक बढ़ाना और कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को 200 प्रतिशत तक बढ़ावा देना है। इसके लिए प्रदेश में 72 इनक्यूबेटर कार्यरत हैं और उत्पाद-आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार की स्टार्ट-अप नीति और क्रियान्वयन योजना के अंतर्गत स्टार्ट-अप्स को वित्तीय मदद, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में सहायता और नीतिगत मदद मुहैया कराई जा रही है। नई स्टार्ट-अप नीति के तहत वित्तीय अनुदान के पात्र स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 फीसदी (अधिकतम 18 लाख रुपये) का अनुदान दिया जा रहा है। नई नीति में वित्तीय प्रोत्साहन, अधोसंरचना सहायता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं।

## लाइनमैन दिवस पर नई दिल्ली में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन लाइनमैन हुए सम्मानित

भोपाल (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्य क्षेत्र में निर्धारित मापदंडों पर उच्च प्रदर्शन करने वाले तीन लाइनमैन का सम्मान केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस समारोह में किया गया। सम्मानित होने वालों में कंपनी के जूनियर इंजीनियर संतोष कुमार अहिरवार को नोडल अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया है। साथ ही कंपनी कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हरदा वृत्त में कार्यरत वरिष्ठ लाईन अटेंडेंट रामदीन सेजकर, ग्वालियर शहर वृत्त अंतर्गत कार्यरत अशोक बुनकर एवं अर्जुन बिनजावे को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सम्मान समारोह -2025 में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चार कार्मिकों को अवार्ड मिनले पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने सभी कार्मिकों को बधाई दी है।



**भोपाल में 16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने आयोग के सदस्यों के साथ प्रदेश के राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों से चर्चा की।**

## घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग को रोकने खाद्य विभाग की कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

भोपाल(आरएनएस) ।कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति नियंत्रक अजीत कुमार कुजूर द्वारा खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल के सदस्य अशोक कुमार सत्यार्थी, सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं प्रबीण दुबे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भोपाल द्वारा मंगलवार को भोपाल नगर के विभिन्न 06 स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुये घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग कर वाहनों में अंतरित करने एवं अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का व्यवसाय करने वालों के विरूद्व कार्यवाही की गई। जांच में मानक विहार, आनंद नगर स्थित मनोज दरयानी पिता बलदेव दरयानी के मकान से 14.2 कि. ग्राम गैस क्षमता के 09 नग घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 30 नग गैस कन्ज्यूमर डायरी, पीरिया मोहल्ला, खजूरी कलॉ रोड के पास, कृपाल सिंह राजपूत के मकान से 14.2 कि.ग्राम क्षमता के 20 नग घरेलू गैस सिलेंडर एवं 19 कि. ग्राम गैस क्षमता के 03 नग व्यवसायिक गैस सिलेण्डर, 01 नग गैस अंतरण मोटर पम्प मय रेग्यूलेटर पाईप एवं तौल मशीन, प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर चौराहा के पास अंसार अहमद खान द्वारा संचालित अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर से 14.2 कि.ग्राम गैस क्षमता के 13 नग घरेलू गैस सिलेंडर तथा 01 नग गैस अंतरण मोटर पम्प मय रेग्यूलेटर पाईप तथा प्लेटिनम प्लाजा के पीछे पानी की टंकी के पास स्थित एक जर्जर मकान से 14.2 कि.ग्राम गैस क्षमता के 10 नग घरेलू गैस सिलेंडर एवं 01 नग गैस अंतरण मोटर पम्प मय रेग्यूलेटर पाईप इस प्रकार कुल 55 नग गैस सिलेण्डर 03 नग गैस अंतरण मोटर अनाधिकृत भंडारण, विक्रय एवं अंतरण करने पर जप्त किये गये। इस प्रकार कार्यवाही में कुल जप्त गैस सिलेण्डर मोटर,पाईप एवं तौल मशीन इत्यादि सामग्री की कुल कीमत रूपये 1 लाख 55 हजार है।

# मंडल रेल प्रबंधक भोपाल ने किया भोपाल-इटारसी खंड का किया फुटप्लेट निरीक्षण

## रेलवे संरक्षा पर विशेष जोर -मंडल रेल प्रबंधक ने इटारसी में लोको पायलटों,पॉइंट्स मेन से की चर्चा

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने आज ट्रेन संख्या 20911 नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में भोपाल से इटारसी तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड पर ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग सिस्टम, कर्व एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गति प्रतिबंधों, संरक्षा मानकों एवं परिचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई।

**इटारसी स्टेशन निरीक्षण - अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे पुनर्विकास कार्यों का जायजा**

इटारसी स्टेशन पहुंचने पर डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। चूंकि इटारसी स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है, इसलिए उन्होंने निर्माणाधीन संरचनाओं, यात्री सुविधाओं के उन्नयन, वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर की प्रगति का मूल्यांकन किया। साथ ही, उन्होंने स्टेशन परिसर में सफाई व्यवस्था की बारीकी से जांच की और संबंधित अधिकारियों को यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

**लॉबी एवं रनिंग रूम का निरीक्षण - लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों से चर्चा**

इसके बाद डीआरएम ने क्रू लॉबी का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लोको पायलटों एवं सहायक लोको पायलटों से संरक्षा व परिचालन संबंधी चर्चाएं कीं। इस दौरान उन्होंने सेफ्टी ऑपरेशंस, ट्रेन संचालन में सावधानियां, SPAD (सिग्नल पास्ड एट डेंजर) की रोकथाम एवं



लोको पायलटों के लिए पर्याप्त विश्राम की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कर्मचारियों से ड्यूटी शेड्यूल, विश्राम अवधि, सिग्नलिंग नियमों का पालन एवं संरक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की समस्याओं पर फीडबैक लिया। इसके बाद डीआरएम ने रनिंग रूम का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने क्रू को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उनके विश्राम कक्षों की स्थिति एवं उन्हें दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने सुनिश्चित किया कि रनिंग स्टाफ को पर्याप्त आराम एवं पौष्टिक भोजन मिले ताकि वे ट्रेन संचालन के दौरान सतर्क और दक्ष रह सकें।

**इटारसी स्टेशन पर परिचालन संरक्षा निरीक्षण-पॉइंट्समैन से चर्चा**

इटारसी स्टेशन पर ट्रैक का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने ट्रैक क्रॉसिंग, इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स एवं स्विचों की कार्यक्षमता को जांचा। उन्होंने मालगाड़ियों के संचालन, रेक मूवमेंट, शंटिंग प्रक्रियाओं एवं संरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान उन्होंने पॉइंट्समैन से भी बातचीत की और उनके कार्य से जुड़े संरक्षा संबंधी मुद्दों को समझा।

**वैगन रिपेयर शेड का निरीक्षण - माल डिब्बों की मरम्मत और रखरखाव प्रक्रिया की समीक्षा**

इटारसी स्थित वैगन रिपेयर शेड का निरीक्षण करते हुए डीआरएम ने माल डिब्बों की मरम्मत, ब्रेकिंग सिस्टम, एक्सल लोड और संरक्षा उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वैगन मेंटेनेंस से जुड़े कर्मियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली को समझा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता पी.एस. रघुवंशी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (कर्षण परिचालन) सचिन शर्मा ,वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी ममलेश यादव सहित अन्य अधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

**इटारसी से भोपाल तक पुन: फुटप्लेट निरीक्षण**

निरीक्षण पूर्ण करने के बाद डीआरएम ने ट्रेन संख्या 12721 दक्षिण सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लोकोमोटिव में इटारसी से भोपाल तक फुटप्लेट निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग प्रणाली, ब्रिज एवं सुरक्षात्मक उपायों की समीक्षा की। डीआरएम का संदेश - संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता निरीक्षण के उपरांत डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने कहा कि यात्री सुविधाओं में सुधार, संरक्षा सुनिश्चित करने एवं रेलवे कर्मचारियों की कार्य स्थिति को बेहतर बनाने के लिए भोपाल मंडल निरंतर कार्यरत है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए और यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं।

## मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए पुलिस में नौकरी का मौका, राज्य में जल्द शुरु होगी नई भर्ती प्रक्रिया



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में नए पदों पर भर्ती को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। हाल ही में डीजीपी कैलाश मकवाना ने एक्स पर पुलिस भर्ती को लेकर पोस्ट किया गया है। पोस्ट में लिखा गया है कि पुलिस विभाग में करीब 8500 पदों पर भर्ती को लेकर जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**-डीजीपी मकवाना ने ट्वीट में दी यह जानकारी**

डीजीपी कैलाश मकवाना ने ट्वीट कर बताया कि सरकार ने पुलिस विभाग में भर्ती को लेकर उनके प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने लिखा- हमारे प्रस्ताव पर सरकार स्वीकृति प्रदान करने के लिए तत्पर है। 8,500 पदों पर भर्ती अभियान जल्द ही शुरू होगा। अब इस डीजीपी के इस ट्वीट से पुलिस विभाग में भर्ती को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

**-भर्ती नियमों में संशोधन**

जानकारी के मुताबिक गृह विभाग में सब इंस्पेक्टर पदों की भर्ती के लिए नियमों में संशोधन किया गया था। इसमें सब इंस्पेक्टर रेडियो, फोटो फिंगरप्रिंट पद भी शामिल हैं। अब इन पदों के लिए कैंडिडेट्स 36 की जगह 38 साल की उम्र तक परीक्षा दे पाएंगे। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में 18 हजार सिपाही के पद खाली हैं। जिनमें से 7500 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।

मध्य प्रदेश में 8 साल पहले सब इंस्पेक्टर, सूबेदार पदों पर भर्ती हुई थी। वर्तमान में 1200 से ज्यादा पद खाली हैं। भर्ती नियमों में संशोधन लंबित था, लेकिन अब नोटिफिक्रेशन जारी होने के बाद 500 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। बताते हैं स्टेनो और एएसआई पदों पर पिछले 8 साल से भर्ती नहीं हुई है। पुलिस मुख्यालय ने शासन को 1 जनवरी को प्रस्ताव भेजा, जिस पर 30 जनवरी को मंजूरी मिल गई है। अब 100 स्टेनो और 400 एएसआई (एम) पदों पर भर्ती होगी।

## 48 घंटे बाद फ़िर बदलेगा मौसम, ठंडी हवाओं से मिलेगी राहत, 9 मार्च को सक्रिय होगा नया सिस्टम



भोपाल(आरएनएस)। मार्च के तीसरे हफ्ते में बादल छाने के साथ बारिश की संभावना बन रही है, लेकिन इससे पहले वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 12-15 मार्च तक तापमान में उतार चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। बुधवार गुरूवार को प्रदेश का मौसम साफ रहेगा, लेकिन 10 से 12Km प्रतिघंटा तक हवा चलने का अनुमान है। आगामी 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी लेकिन 2-3 दिन बढ़ोतरी की संभावना कम है। आज बुधवार को भोपाल में आसमान साफ रहेगा, लेकिन हवा की वजह से दिन का पारा 28 डिग्री तक पहुंच सकता है। ऐसा ही मौसम इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी देखने को मिलेगा।गुरूवार को दिन-रात के तापमान में गिरावट जारी रहेगी। मार्च अंत में तेज गर्मी और हीटवेव चलने की संभावना है। दूसरे हफ्ते में तापमान इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक लेकिन भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग में सामान्य रहेगा। बादल छाएंगे लेकिन बारिश नहीं। तीसरे हफ्ते में उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान इंदौर संभाग में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक तो शेष प्रदेश में न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री रहेगा।इस दौरान पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है । मार्च अंत में उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से रीवा और शहडोल संभाग में न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री तो भोपाल सहित शेष प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक रहेगा ।जबलपुर, शहडोल और नर्मदापुरम संभाग में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है । ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन, सागर और रीवा संभाग के कुछ जिलों में हीट वेव का असर रहेगा ।

## रैम्प योजना के तहत 40 महिला उद्यमियों का 6 मार्च से दो दिवसीय हैदराबाद दौरा

भोपाल (ए.)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार की रैम्प योजना के तहत मध्यप्रदेश की 40 मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी महिला उद्यमियों को हैदराबाद में 6 से 8 मार्च तक एक्सपोज़र विजिट पर भेजने की महत्वपूर्ण पहल की गयी है। मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग का लघु उद्योग निगम इस महत्वपूर्ण दौरे में नोडल एजेंसी के रूप में साथ रहेगा। इस दौरे में महिला उद्यमी फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क और वी-हब जैसे महिला औद्योगिक पार्कों का दौरा करेंगी और उन्नत कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकों और उन्नत कार्य के नवीनतम तौर-तरीकों को करीब से देख और समझ सकेंगी।

## 8 मार्च 2025 को चलने वाली दयोदय एक्सप्रेस शोर्ट टर्मिनेट रहेगी

भोपाल (निप्र)। उत्तर पश्चिम रेलवे में चल रहे अधोसंरचना कार्य के चलते दिनांक 08 मार्च 2025 को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन तक चलेगी अतः यह गाड़ी सांगानेर से अजमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार वापसी में दिनांक 9 मार्च 2025 अजमेर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस सांगानेर स्टेशन से प्रारंभ होकर जबलपुर तक आएगी अतः यह गाड़ी अजमेर से सांगानेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेल प्रशासन को खेद है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा के दौरान किसी असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत पूछताछ सेवाओं जैसे NTES या 139 के माध्यम से गाड़ियों की सही स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

## संजय टाइगर रिजर्व में मॉर्निंग वॉक पर निकले पांच बाघ, वीडियो हुआ वायरल

भोपाल(आरएनएस)। संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. यह वीडियो मंगलवार सुबह 11 बजे शेयर किया गया, जिसमें एक बाघिन के साथ चार बाघ सड़कों पर बेफिक्र घूमते नजर आ रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, यह बाघिन ञ्28 है, जो अपनी ममता और देखभाल के लिए प्रसिद्ध है. खास बात यह है कि उसके साथ मौजूद चार बाघों में से दो उसके पालक शावक हैं. दरअसल, डेढ़ साल पहले एक दर्दनाक हादसे में इन शावकों की मां की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी. मां के गुजर जाने के बाद T28 ने इन अनाथ शावकों को अपनाया और उन्हें अपनी संतान की तरह पाला. इस अनोखे रिश्ते की वजह से लोग T28 को शावकों की 'मौसी' कहकर पुकारते हैं. वन विभाग के अधिकारियों ने भी इस घटना को प्राकृतिक संतुलन और बाघों के सामाजिक व्यवहार का एक शानदार उदाहरण बताया है. उन्होंने कहा कि यह वीडियो बताता है कि किस तरह वन्यजीव भी रिश्तों को समझते हैं और एक-दूसरे का सहारा बनते हैं. सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही वन्यजीव प्रेमियों ने इसे खूब सराहा और T28 की ममता को सलाम किया. संजय टाइगर रिजर्व का यह अनोखा दृश्य न केवल बाघ संरक्षण के महत्व को दर्शाता है, बल्कि लोगों को वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश भी देता है. वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगलों में शांति बनाए रखें और इन खूबसूरत जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रहने दें।

## शिक्षा और संस्कारों का मेल हमें जिम्मेदार नागरिक बनाता है-भगवानदास सबनानी

भोपाल (आरएनएस)। वार्षिकोत्सव नूतन भव्या 2025 का उद्घाटन समारोह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. भारती कुम्भारे सातनकर ने की। सरस्वती पूजन एवं आतिथियों के स्वागत उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव 'वार्षिकोत्सव भव्या के नाम की सार्थकता के साथ महाविद्यालय की चहुमुखी विकास से अवगत कराया। सबनानी ने अपने भाषण में भोपाल में नूतन कॉलेज को प्रतिष्ठित बतातें हुये शिक्षा और संस्कारों के द्वारा छात्राओं को भावी नागरिक बनाने और सामाजिक दायित्व परिपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में महाविद्यालय के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डॉ. भारती कुम्भारें सातनकर ने भारतीय परंपरा और ज्ञान मूल्यों के साथ आयोजित हो रहे वार्षिकोत्सव भव्या के लिये बधाई और शुभकामनायें दी।

# भोपाल रेल मंडल द्वारा गुलाबगंज रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

भोपाल (निप्र)। विदिशा जिले को भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत उच्च प्राथमिकता जिला के रूप में चयनित किया गया है। इसी क्रम में, भोपाल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा के नेतृत्व में दिनांक 04 मार्च 2025 को गुलाबगंज रेलवे स्टेशन पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

**स्वास्थ्य शिविर में हुई विभिन्न जांचें**

शिविर में रक्तचाप, मधुमेह एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ टीबी की उच्च जोखिम वाली जनसंख्या की पहचान पर विशेष ध्यान दिया गया। इस शिविर में कुल 46 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें 8 लोग उच्च रक्तचाप एवं 2 लोग मधुमेह से ग्रसित पाए गए।

**टीबी जागरूकता हेतु किए गए विशेष प्रयास**

टीबी उन्मूलन अभियान के तहत स्टेशन पर यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव, शीघ्र निदान, उपचार एवं पोषण संबंधी जानकारी देने के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से जागरूकता




संदेश प्रसारित किए गए। साथ ही, पोस्टर, पंपलेट, होर्डिंग एवं स्टैंडीज के जरिए भी टीबी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

**रेलवे कॉलोनी में 'डोर-टू-डोर' कैंपेन**

टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गुलाबगंज रेलवे कॉलोनी में डोर-टू-डोर कैंपेन भी आयोजित किया गया। इस दौरान रेलवे कॉलोनी के निवासियों को पम्फलेट वितरित किए गए और टीबी के सामान्य लक्षण, जांच, उपचार, बचाव और आहार संबंधी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य टीम द्वारा कफ हाइजीन, पर्याप्त वेंटिलेशन एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर विशेष रूप से जागरूक किया गया।

**रेलवे प्रशासन का संदेश**

भोपाल रेल मंडल द्वारा टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। रेलवे प्रशासन का लक्ष्य न केवल अपने कर्मचारियों बल्कि रेलवे परिसर से जुड़े आम नागरिकों को भी स्वस्थ जीवनशैली एवं रोगों से बचाव के प्रति जागरूक बनाना है।



## किसानों के लिए अब जागी कांग्रेस, जीतू पटवारी करेंगे गांवों का दौरा, 8 दिन चलेगी यात्रा

इंदौर (ए.)। आउटर रिंग रोड के लिए किए जा रहे सर्वे का विरोध करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय किसान संघ ने इसे रुकवा दिया था। अब कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाते हुए प्रभावित गांवों के किसानों तक पहुंचने के लिए पदयात्रा निकालने की योजना बनाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे और आठ दिनों तक इंदौर के प्रभावित क्षेत्रों में पदयात्रा करेंगे।

**सर्वे को लेकर क्यों हुआ विरोध?**

जब आउटर रिंग रोड का सर्वे किया जा रहा था, तब प्रभावित गांवों के किसानों ने इसका जबरदस्त विरोध किया। भारतीय किसान संघ ने किसानों के साथ मिलकर नेशनल हाईवे के अधिकारियों को किसी भी गांव में सर्वे करने से रोक दिया।

यहां तक कि प्रशासन को कलेक्टर कार्यालय पर हुए धरने के बाद यह आश्वासन देना पड़ा कि जब तक मुख्यमंत्री से बातचीत नहीं हो जाती, तब तक सर्वे नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सर्वे कार्य पूरी तरह रोक दिया गया। अब कांग्रेस इस मुद्दे पर सक्रिय हो गई है और किसानों के बीच जाकर सरकार की नीतियों का विरोध कर रही है।

## फिर सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवरात लेकर चोर फरार, पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल

शहडोल (ए.)। शहडोल जिले में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला अमलाई थाना क्षेत्र का है, जहां एक सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की चोरी को अंजाम दिया। चोर 8 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 50 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए।

**विवाह समारोह में गए थे घरवाले, चोरों ने उठाया फायदा**

घटना रावल मार्केट, अमलाई थाना क्षेत्र की है। रंगलाल नापित अपने परिवार के साथ गोरखपुर में एक विवाह समारोह में गए थे। इस दौरान चोरों ने घर को सूना पाकर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। इसके बाद अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगद रकम चोरी कर ली।

जब पड़ोसियों ने घर का दरवाजा खुला देखा, तो उन्होंने परिवार को सूचना दी। घर लौटने के बाद परिवार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

10 लाख रुपये से अधिक की चोरी, बढ़ते अपराधों से लोग चिंतित

पुलिस के अनुसार, चोरी लगभग 10 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है। अमलाई थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। बीते दिनों पुलिस ने दो छोटी चोरियों का खुलासा किया था, लेकिन बड़ी चोरी के मामलों को सुलझाने में असफल रही है।

**पुलिस की गश्त पर उठे सवाल**

अमलाई थाना प्रभारी ने क्षेत्र में नियमित गश्त और नाइट पेट्रोलिंग का दावा किया था, लेकिन लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने इन दावों की पोल खोल दी है।

# नगर निगम ने वसूले 36.5 लाख, जानिए स्वच्छता नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

इंदौर (ए.)। इंदौर नगर निगम स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाते हुए हर दिन एक लाख रुपये तक का जुर्माना वसूल रहा है। फरवरी महीने में निगम ने 3696 चालान जारी कर 36.5 लाख रुपये की वसूली की। नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को और मजबूत कर रहा है। जहां भी कोई स्वच्छता नियम तोड़ता पाया जाता है, उस पर तुरंत चालान काटा जाता है और जुर्माना वसूला जाता है। फरवरी में किए गए 3696 चालानों में नगर निगम ने




कुल 36.5 लाख रुपये का जुर्माना वसूला। इनमें गंदगी फैलाने पर 1170 चालान जारी किए गए, जिससे 18.45 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

सड़क पर थूकने पर 1304 चालान जारी कर 1.76 लाख रुपये वसूल किए गए। खुले में पेशाब करने वाले 95 लोगों का चालान बनाया गया और उनसे 10,650 रुपये जुर्माना लिया गया। इसके अलावा, पॉलिथीन की थैली बेचने के 630 मामले पकड़े गए, जिन पर 4.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। फरवरी माह में जोन क्रमांक 17 में सबसे अधिक 270 चालान जारी कर 1.18 लाख रुपये वसूले गए। जोन क्रमांक 3 में 241 चालान से 1.99 लाख, जोन क्रमांक 11 में 224 चालान से 5.17 लाख, जोन क्रमांक 7 में 225 चालान से 1.52 लाख और जोन क्रमांक 8 में 221 चालान से 2.20 लाख रुपये की वसूली की गई।

## 30 फीट गहरे कुएं में गिरा तेंदुआ...कम पानी की वजह से खोह में दुबककर बैठा; खटिया के सहारे किया रेस्क्यू

धार (ए.)। धार जिले में वन्य प्राणियों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घुसने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसका मुख्य कारण घटते जंगल, बढ़ती मानव आबादी और सरकारी नीतियों की खामियां हैं। अधिकांश जंगलों को पट्टे पर दी गई जमीनों के कारण काटा जा रहा है, जिससे वन्य जीवों के लिए भोजन और पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। यही वजह है कि ये जीव अब इंसानी बस्तियों की ओर पलायन करने लगे हैं।

हाल ही में ऐसा ही एक मामला धार जिले के कुक्षी विधानसभा क्षेत्र के डही तहसील के भगावा बेगलियापुरा गांव में सामने आया। यहां किसान खूमसिंह के खेत में बने लगभग 30 फीट गहरे कुएं में एक 1 वर्षीय तेंदुआ गिर गया। कुएं में पानी कम होने की वजह से तेंदुआ अंदर बनी खोह में दुबककर बैठ गया।

## दमोह में ऑटो और ई-रिक्शा की नंबरिंग शुरू, बिना स्टीकर वाहनों पर होगी कार्रवाई

दमोह(ए.)। दमोह शहर में संचालित ऑटो और ई-रिक्शा की पहचान सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने वाहनों की नंबरिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब प्रत्येक ऑटो और ई-रिक्शा को एक विशेष स्टीकर दिया जाएगा, जिससे उनकी पहचान आसानी से हो सकेगी। बुधवार को यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक दर्जन से अधिक ऑटो जब्त कर थाने भेजे।

## पंचायत मंत्री के भिखारी वाले बयान पर कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा, दी आंदोलन की चेतावनी



दमोह (ए.)। मध्य प्रदेश के पंचायती मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा दिए गए भिखारी वाले बयान को लेकर बवाल लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को दमोह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान की निंदा की और उनसे माफी मांगने के बाद के साथ इस्तीफा देने की मांग है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद्र जैन ने कहा कि जब चुनाव आता है तो भाजपा मतदाताओं को भगवान मानती है और सभी दल जनता को भगवान मानते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में मत के द्वारा ही सरकार चुनी जाती है। एक जवाबदार मंत्री ने इस तरह की भाषा का उपयोग कर जो बात कही उसे सभी ने सुना है। जनता के लिए सरकार ही सर्वोपरि है। जनता अपनी समस्या लेकर कहां जाएगी। यदि एक मंत्री के पास लोग अपनी समस्याएं, अपनी व्यथा लेकर जाते हैं तो उसे मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री भिखारी कहते हैं। भाजपा सरकार में किसान और युवा सभी परेशान हैं।

अब तो वह लाडली बहनों को, किसानों को, बुजुर्गों को भिखारी कहने लगे। उन्होंने कहा कि प्रहलाद पटेल को माफी मांगनी चाहिए, प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी माफी मांगनी चाहिए और प्रहलाद पटेल को पद से हटना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने छिंदवाड़ा सांसद बंटी साहू द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को लेकर दिए गए बयान की भी निंदा की है।

## पीथमपुर में डेढ़ लाख कर्मचारी, लेकिन जमीन, पैसा मंजूर होने के बावजूद नहीं बना ईएसआई अस्पताल



इंदौर (ए.)। मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर है। यहां डेढ़ लाख से ज्यादा कर्मचारी ईएसआई के हितग्राही है, लेकिन उन्हें चिकित्सा सुविधा लेने इंदौर आना पड़ता है। पीथमपुर में अब तक ईएसआई अस्पताल ही नहीं बन पाया। कर्मचारी राज्य बीमा निगम वहां निजी बिल्डिंग लेकर भी अस्पताल शुरू कर सकता है, लेकिन इस तरह की कवायद नहीं हो रही है। आश्चर्य की बात यह है कि पीथमपुर में अस्पताल के लिए इंडोरमा के पास आठ एकड़ जमीन मिल चुकी है। 100 बेड के अस्पताल के लिए बजट भी मंजूर है, लेकिन अस्पताल के पते नहीं। स्वास्थ्य सुविधा और के नाम पर पीथमपुर के डेढ़ लाख कर्मचारियों के वेतन से हर साल करीब 100 करोड़ रुपये की राशि कट रही है, लेकिन कर्मचारियों या उनके परिवार को बीमार होने पर कंपनी से छुट्टी लेकर इंदौर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नंदानगर स्थित अस्पताल में आना पड़ता है।

## साकोन्या कलां मर्डर केस में मुख्य आरोपी को उम्रकैद, 17 लोगों को हत्या के आरोप से कोर्ट ने किया मुक्त

गुना (ए.)। गुना जिले के चर्चित साकोन्या कलां मर्डर केस में कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। मामले में एक आरोपी को हत्या का दोषी माना गया है। उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। बाकी 17 लोगों को हत्या के आरोप से मुक्त कर दिया है। उन्हें बलवा की धाराओं में दोषी मानकर उनपर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मामले में फैसला विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट संदीप कुमार श्रीवास्तव ने सुनाया।



दरअसल, मामला 2018 का है। साकोन्या के रहने वाले उम्मेदसिंह पुत्र मोहरसिंह ने राघौगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 15 अप्रैल को दोपहर 2 बजे की बात है। वह अपने साथी राजेश, रोहित और तुलसीराम के साथ पार्वती नदी में नहा रहे थे। इतने में विजय सिंह गुर्जर ने उनसे कहा कि यहां पर मत नहाया करो, यहां पर हम लोग नहाएंगे। बस इसी बात पर विजय और राजेश के सथियों के साथ झूमाझटकी हो गई।

## जोहिला नदी के छादा घाट में मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

उमरिया (ए.)। उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जोहिला नदी के छादा घाट में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद और पाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करवाई। मृतक की पहचान कुरावर निवासी नवल सिंह के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवल सिंह बीते दिन ग्राम छादा के सरपंच दिलदार सिंह के घर आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था। प्रारंभिक जांच के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि नवल सिंह ने जोहिला नदी पार कर ग्राम छादा तक का सफर किया था। संभवत: कार्यक्रम समाप्त होने के बाद लौटते समय नदी पार करते वक्त किसी दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**पुलिस की कार्रवाई**

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल, पुलिस सभी संभावित पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

**गांव में शोक का माहौल**

इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि घटना के बारे में अधिक जानकारी मिल सके।

## व्यापार समाचार




## अधिकारियों को मिले कई कानूनी अधिकार, कर चोरी मामले में संपत्ति जब्त कर सकता है आयकर विभाग

नई दिल्ली (ए.)। अगर आपने अपनी कमाई, संपत्तियों एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं के बारे में सही जानकारी नहीं देकर टैक्स चोरी की, तो उसकी जांच के लिए आयकर विभाग आपके घर की तलाशी ले सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि, विभाग को एक अप्रैल, 2026 से ऐसा करने का कानूनी अधिकार मिल जाएगा। विभाग को ऐसे अधिकार देने की व्यवस्था नए आयकर बिल-2025 में की गई है।?

विभाग कर चोरी की जांच के लिए जरूरत पड़ने पर संपत्तियां भी जब्त कर सकता है। मौजूदा आईटी अधिनियम-1961 की धारा-132 कर अधिकारियों को तलाशी लेने के साथ संपत्तियों और सभी तरह के खातों को जब्त करने का अधिकार देती है। हालांकि, ईमानदार करदाताओं को इसमें कोई परेशानी नहीं होगी।

सिरिल अमरचंद मंगलदास के टैक्स विशेषज्ञ एसआर पटनायक का कहना है कि यह तलाशी और जब्ती सिर्फ अपवाद के तौर पर होनी चाहिए, न कि नियम के रूप में। डिजिटल स्पेस में हर व्यक्ति की निजता का सम्मान जरूरी है, इसलिए इस कानून का उपयोग सिर्फ ठोस कारणों के आधार पर किया जाना चाहिए।

**अज्ञात आय पर लॉकर और तिजोरी भी तोड़ सकेंगे अधिकारी**

आयकर बिल के क्लॉज-247 के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के पास अज्ञात आय, संपत्ति या खातों से संबंधित कोई जानकारी लॉकर, तिजोरी या बक्से में बंद है और उसकी चाबी नहीं है तो आयकर विभाग के पास उसे तोड़ने का भी अधिकार है। वे किसी भी इमारत और स्थान पर प्रवेश कर तलाशी ले सकते हैं।

# हल्की बढ़त के साथ खुले शेयर बाजार

### - सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा; निफ्टी 22,250 के पार

मुंबई (ए.)। एशियाई बाजारों में तेजी के रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी दिन हल्की तेजी देखी गई है। अमेरिकी के वाणिज्य मंत्री ने कनाडा और मैक्सिको टैरिफ पर कुछ राहत का संकेत दिया है। इससे सेंटीमेंट पर सकारात्मक असर पड़ा है। बुधवार को तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 73,005.37 पर खुला। जबकि मंगलवार को यह 72,989 के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 456.82 अंक चढ़कर 73,446.75 पर चल रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी बढ़त में खुला। सुबह की शुरुआत में यह 135.40 अंक की बढ़त लेकर 22,218.05 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था। ब्रोडर मार्केट्स में भी आज बढ़त देखने को मिल रही है। निफ्टी का स्मॉलकैप इंडेक्स शुरुआती कारोबार में 0.46 फीसदी और मिडकैप इंडेक्स 0.30 फीसदी चढ़ गया। इससे पहले मंगलवार को बाजार में लगातार तीसरी दिन गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 96.01 अंक की गिरावट लेकर 72,989.93 पर बंद हुआ। निफ्टी 36.65 अंक की गिरावट लेकर 22,082 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी-50 मंगलवार को लगातार 10वें कारोबारी सत्र में नुकसान दर्ज करते हुए 22,080 पर बंद हुआ था। वहीं डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने के फैसले पर कंपनियों और निवेशकों की प्रतिक्रिया के कारण वॉल स्ट्रीट पर शेयरों में फिर



से गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार की सुबह एसएंडपी 500 में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई, नैस्डैक में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई और डॉव में 423 अंक की गिरावट आई। अमेरिका, चीन, कनाडा और मैक्सिको के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर से अमेरिकी शेयरों में हाल ही में आई गिरावट को और और ज़्यादा बढ़ गई है। यह गिरावट पहले अर्थव्यवस्था में कमजोरी के संकेतों के कारण आई थी।

## भारत के सेवा क्षेत्र में तेज वृद्धि, उत्पादन और रोजगार में बढ़ोत्तरी : पीएमआई



नई दिल्ली (ए.)। देश के सेवा क्षेत्र में फरवरी महीने में तेज वृद्धि के चरम पर पहुंचा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण, जिसे 26 महीनों की निकटता में पाया गया है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने बताया कि नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार इस माह में सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि हो रही है और इससे रोजगार में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। इस अच्छे समाचार का संकेत एचएसबीसी की सूचकांक ने दिया है। पहले 26 महीने में 56.5 से बढ़कर इस महीने में 59.0 तक पहुंच गया है, जिससे साफ होता है कि देश के सेवा क्षेत्र में तेजी सतह पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था के इस उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव के बीच, वैश्विक मांग की वृद्धि ने सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे उत्पादन वृद्धि और रोजगार की स्थिरता को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस सुधार के बड़े असर को देखते हुए, सेवा क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ और भी अच्छी गति की उम्मीदें जताई जा रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.04 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 87.10 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाने से वैश्विक बाजारों में एक जवाबी प्रतिक्रया शुरू हो गई है। इसके चलते डॉलर में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक व्यापार युद्ध की आशंका वित्तीय दुनिया को जकड़े हुए है, इसलिए रुपये में थोड़ी नकारात्मक प्रवृत्ति के साथ कारोबार का अनुमान है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.18 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह बढ़त के साथ 87.10 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे ऊपर है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त के साथ 87.19 पर बंद हुआ था।

## सोने के कारोबार में सुस्ती, चांदी के भाव में तेजी



**- सोना 85,950 रुपए, चांदी लगभग 96,400 रुपए पर**

नई दिल्ली (ए.)। सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत बुधवार को सुस्त रही, जबकि चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। बुधवार को सोने के वायदा भाव 85,950 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 75 रुपये की गिरावट के साथ 85,931 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 45 रुपये की गिरावट के साथ 85,981 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 144 रुपये की तेजी के साथ 96,400 रुपये पर खुला। इस समय यह 464 रुपये की तेजी के साथ 96,720 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,929 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,920.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 2.10 डॉलर की तेजी के साथ 2,922.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.56 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.38 डॉलर था। इस समय यह 0.21 डॉलर की तेजी के साथ 32.59 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# सरकार ने प्लैटिनम मिश्र धातु के आयात पर लगाया प्रतिबंध, आयातकों को अब लेनी होगी डीजीएफटी से मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। सरकार ने बुधवार को 99 प्रतिशत से कम शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर आयात प्रतिबंध लगा दिया। सरकार की ओर से यह कदम भारी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित इस बहुमूल्य धातु के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। ऐसे प्लैटिनम मिश्र धातुओं के आयातकों को अब इनबाउंड शिपमेंट के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) से आयात प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है।

यह निर्णय ऐसे कुछ मामलों के बाद लिया गया है, जहां सोने और प्लैटिनम के बीच टैरिफ अंतर का फायदा उठाने के लिए इस मिश्र धातु को काफी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित करके आयात किया गया था। डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, "प्लेटिनम की आयात नीति को मुक्त से संशोधित कर प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह बदलाव प्लैटिनम के भार के अनुसार 99 प्रतिशत या उससे अधिक शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर लागू नहीं होगा।"



आभूषण निर्माण और औद्योगिक उपयोग के लिए प्लैटिनम की आपूर्ति सुचारू बनी रहे इसके लिए सरकार ने 99 प्रतिशत या उससे अधिक शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु के अप्रतिबंधित आयात की मंजूरी दे दी है।

आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने पिछले वर्ष भारत-यूएई व्यापार समझौते की तत्काल समीक्षा की मांग की थी। समझौते में कहा गया था कि यह समझौता शून्य टैरिफ के साथ यूएई से भारत में सोने, चांदी, प्लैटिनम और हीरे के असीमित आयात की अनुमति देता है।

जीटीआरआई ने कहा था कि वर्तमान में दुबई से सोने का आयात 5 प्रतिशत शुल्क पर किया जा सकता है, लेकिन यदि मिश्र धातु में 2 प्रतिशत प्लैटिनम है तो यह तीन वर्षों में शून्य हो जाएगा। जीटीआरआई ने यह भी दावा किया था कि कई आयात मूल नियमों की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं और इसलिए, रियायतों के लिए योग्य नहीं हैं।

अक्तूबर 2024 में, भारत ने यूएई से चांदी के उत्पादों, प्लैटिनम मिश्र धातु और सूखे खजूर के आयात में उछाल पर चिंता जताई और देश से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत नियमों को दरकिनार न किया जाए।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना

अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्ड कार्ड ने पूरी दुनिया को चकमका दिया है। ट्रंप जो कहते हैं वह हमेशा कर भी दें इसकी कोई गारंटी नहीं है। और इसकी भी कोई गारंटी नहीं की जो वह करना चाहते हैं उसे सचमुच कर पाएं, मगर इतना तय है कि उन्होंने पदभार संभालते ही जिस तरह का धूम-धड़ाका किया है उसने कई देशों की नींद उड़ा दी है। कई देशों को चिंता में डाल दिया है तो कई देशों को अपनी अमेरिकी नीति पर पुनर्विचार करने पर बाध्य कर दिया है। भारत भी ट्रंप की घोषणाओं और उसके क्रियान्वयन से अछूता नहीं है।

अवैध प्रवासियों की अपमानजनक वापसी की धमक भारत झेल ही रहा था कि अब उसे गोल्ड कार्ड भी परेशानी में डाल रहा है। ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना वास्तव में क्या है किसी के समझ में नहीं आई है। इस योजना के मुताबिक 50 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रु पये देकर कोई भी विदेशी नागरिक अमेरिका में बस सकता है और तीव्र गति से अस्थाई नागरिकता प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो सकता है।

पहली बात तो यह है कि लोग धन कमाने के लिए लोग धन कमाने के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, अपना धन लेकर अमेरिका में बसना नहीं। यहां ट्रंप अमेरिका को एक बिकाऊ माल की तरह बेचना चाहते हैं जैसे कोई अच्छी जमीन बेची जाती है। यानी ट्रंप अमेरिका को ऐसे स्वर्ग के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं जहां किसी भी देश का कोई व्यक्ति 50 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च कर बसना चाहेगा। क्या सचमुच अमेरिका ऐसा स्वर्ग है?

अगर भारत की बात करें तो यहां बहुत बड़ी संख्या धनपतियों की है जिन्होंने अनेकानेक गैर कानूनी तरीकों से धनी इकट्ठा किया है और वह इसकी सुरक्षा चाहते हैं। ऐसे लोग भारत में सीधे राजनेताओं या राजनीतिक दलों को अपनी सुरक्षा के लिए धन उपलब्ध कराते हैं। चुनावी चंदे में इस तरह के कई मामले उजागर हुए थे।दूसरी बात जो ट्रंप ने प्रतिभावान विदेशी छात्रों के बारे में कही जो अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद नागरिकता नहीं मिलने के कारण अपने मूल देश में लौटकर व्यापार करते हैं और करोड़ों में खेलने लगते हैं। सवाल है कि कोई अमेरिकी कंपनी 50 लाख डॉलर देकर ऐसे प्रतिभावान उद्योगों को नौकरी देने में रु चि क्यों दिखाएगी। इसका कोई ठोस तर्क सामने नहीं है। बहरहाल, जनता की गाढ़ी कमाई को अमेरिका में ले जाकर बसने के भ्रष्ट पूंजीपतियों को गोल्ड कार्ड ने जरूर सुनहरा अवसर दिखा दिया है।




अभिनेत्री विद्या बालन मुंबई में एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान फोटो खिंचवाती हुईं।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट -25: समृद्धि, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक सम्मान का अद्भुत आयाम

**रमेश शर्मा**

भोपाल में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल निवेश और औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है। इससे पूरे भारत के समग्र विकास और आर्थिक समृद्धि के नये द्वार खुले हैं। इसके साथ यह समिट वैश्विक स्तर पर मध्यप्रदेश की छवि और सम्मान बढ़ाने का भी माध्यम बनी।

यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है। इसके बहुआयामी लाभ होंगे। जिस प्रकार यह संसार दो प्रकार का है । एक दृश्यमान और दूसरा अदृश्यमान । सृष्टि की कुछ ऊर्जाएँ ऐसी हैं जो दिखाई नहीं देतीं फिर भी जीवन संचालन में सहयोगी होतीं हैं। उसी प्रकार निवेश इस इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों के आकार लेने के बाद इसका परोक्ष प्रभाव भी मध्यप्रदेश के समाज जीवन पर होगा। इसके लिये मध्यप्रदेश सरकार ने समिट आयोजन से पहले कुछ अतिरिक्त तैयारी की है और औद्योगिक विकास को विरासत से भी जोड़ा है। यह प्रदेश आध्यात्मिक, साँस्कृतिक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थलों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने इन सबको जोड़कर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन की विधाएँ जोड़कर इन क्षेत्रों में निवेशकों को आमंत्रित किया था। इन चारों विधाओं में मध्यप्रदेश का स्थान सबसे अलग है। इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है, वहाँ मध्यप्रदेश की छवि एक समृद्ध और प्रतिष्ठित भूक्षेत्र के रूप में उभरती है। लाखों वर्ष पुरानी मानव सभ्यता के चिन्ह हैं। समय के साथ भले स्वरूप बदला हो, राजनैतिक सीमाएँ बदलीं, नाम बदले लेकिन मध्यप्रदेश की प्रसिद्धि बनी रही। वैदिक काल से लेकर मध्यकाल तक पूरे विश्व में मध्यप्रदेश आकर्षण का केन्द्र रहा है। यही कारण था कि हर काल-खंड विदेशी पर्यटक भारत आते रहे है। ह्वेनसाँग और फाह्यान से लेकर अल्बरूनी तक और कनिघंम से लेकर स्मिथ तक भारत आने वाला कोई शोधकर्ता ऐसा नहीं जो मध्यप्रदेश न आया हो। इन सबके लेखन में मध्यप्रदेश को समृद्धियों का उल्लेख है। मध्यप्रदेश के वैभव और समृद्धि की झलक कण कण में बिखरी है। इसे संजोने में वाकणकर जी ने अपना जिवन समर्पित कर दिया था। इन सभी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्थलों की कहानियाँ, अनूठे चिन्ह, खनिज एवं वन्य संपदा की विविधता भी पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। यही प्रसिद्धि मध्यकाल मध्यप्रदेश के विनाश का कारण बनी थी। लगातार आक्रमणों से यह प्रदेश विपन्नता के अंधकार में डूब गया । ऐसा अंधकार कि इसकी छवि एक बीमारू राज्य की बन गई। स्वतंत्रता के बाद भी राजनैतिक कारणों से अनेक स्वरूप बदले गये। मध्यप्रदेश के वर्तमान स्वरूप की सीमाएँ नवम्बर 2000 में बनीं। और विकास की नई यात्रा आरंभ हुई। इसके साथ प्रदेश के औद्योगिक विकास पर जोर दिया गया। डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने विकास यात्रा को नये आयाम दिये। डॉ मोहन यादव ने मोदी मंत्र विकास के साथ विरासत का अमल करते हुये अपने कदम आगे बढ़ाये। कार्यभार संभालने के पहले दिन से डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के




इसमंत्र पर काम करना आरंभ किया और भारत को विश्व का सबसे समृद्ध राष्ट्र बनाने के उनके संकल्प को पूरा करने केलिये मध्यप्रदेश की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये। यह तभी संभव है जब भारत का प्रत्येक प्रदेश विकसित और उन्नत हो। 24-25 फरवरी को भोपाल में सम्पन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इसी दिशा में एक क्राँतिकारी कदम है।

**समिट की तैयारियों का होमवर्क**

मध्यप्रदेश की यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट अचानक आयोजित नहीं हुई। इससे पहले राज्य सरकार ने पर्याप्त होम वर्क किया था। यह होमवर्क तीनों प्रकार से हुआ । एक ओर मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में पानी, बिजली, परिवहन और भूमि की उपलब्धता का विवरण तैयार किया गया, दूसरी ओर भारत ही नहीं पूरे संसार के प्रतिष्ठित उद्योग समूहों से उनकी रुचि के उद्योगों को प्राथमिकता में रखकर चर्चा की गई और तीसरा मध्यप्रदेश में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन हुये । सरकार के केवल चौदह महीने के कार्यकाल में सात रीजनल इन्वेस्टर्स समिट संपन्न हुईं। इन तीनों प्रकार की तैयारी के बाद यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ। इन चौदह महीनों में मध्यप्रदेश में निवेश प्रस्तावों का मानों एक नया कीर्तिमान बनाया है। कुल 30.77 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे 21.40 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इस ग्लोबल समिट में 300 से अधिक प्रमुख उद्योगों के चेयरमैन, सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर्स ने समिट में हिस्सा लिया। भारत का ऐसा कोई उद्योग समूह नहीं जिसके प्रतिनिधि इस समिट में सहभागी न बने हों। उनके साथ 600 से अधिक बिजनेस टू गवर्नमेंट और 5,000 से अधिक बिजनेस टू बिजनेस बैठकें हुईं। निवेशकों और सरकार के बीच इस संवाद से औद्योगिक विकास की दिशा में एक मजबूत विश्वास बढ़ा है।

इस ग्लोबल समिट में विभिन्न सेक्टर्स के पच्चीस हजार से अधिक पंजीयन हुये और विभिन्न सेक्टर्स के 85 एम ओ यू पर हस्ताक्षर हुये। इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के साथ मध्यप्रदेश का नाम निवेश की दुनियाँ में चर्चित हुआ और देश में तीसरे स्थान पर आ गया। इस समिट से औद्योगिक विकास और युवाओ को रोजगार के अवसर के साथ समृद्धि के नये द्वार खुले हैं । मध्यप्रदेश की गणना अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी । इस समिट की तैयारी में प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास एवं उनको वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में भी काम हुआ। धार्मिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन

प्रदेश की साँस्कृतिक, ऐतिहासिक और विविध प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन से जोड़कर निवेश आमंत्रित किये गये । निवेशकों ने इस दिशा में भी अपनी रूचि दिखाई। विंध्य, सतपुड़ा और अरावली पर्वतमाला से घिरी मध्यप्रदेश की यह धरती अपनी प्राकृतिक, साँस्कृतिक, ऐतिहासिक और लोक संस्कृति की विविधताओं के लिये संसार भर में प्रसिद्ध हैं। रॉक शेल्टर, गर्म पानी के झरने, हरे-भरे हिल स्टेशन, घाटियाँ, गुफाएँ वन्य जीवों और वनस्पति से भरे वन, उनका अद्भुत प्राकृतिक सौन्दर्य पर्यटकों केलिये सहज आकर्षण का केन्द्र हैं। रोचक लोक संस्कृतियाँ, उनके नृत्य कौशल, चित्रकारी, नृत्यगीत और उनसे जुड़े लोक जीवन की रोचक कहानियाँ भी शोध कर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों को आकृषित करते हैं। इन सब स्थलों को पर्यटन से जोड़ा गया है। और निवेशकों के प्रस्ताव आये। प्रदेश में ऐसे अनेक मन्दिर, किले और विश्व प्रसिद्ध गुफ़ाएँ हैं जिनमें मानव सभ्यता के विकास का क्रम, गौरवशाली इतिहास छिपा है। वे सदैव आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। इनमें कुछ तो ऐसे हैं जिनके प्रतीक चिन्ह कोलकाता के राष्टीय संग्रहालय से लेकर लंदन के म्युजियम में प्रदर्शित हैं। जैसै सतना के पास भरहुत का स्तूप के अवशेष कोलकाता के राष्टीय संग्रहालय में और भोजशाला धार की माता सरस्वती की प्रतिमा लंदन के संग्रहालय में है। उज्जैन की वेधशाला, साँची के स्तूप, विदिशा का भग्न सूर्य मंदिर उदयगिरी की गुफाएँ, महू की बाघ गुफ़ाएँ, खजुराहों के मंदिर, जानापाव, सतधारा, चंबल, नर्मदा, ताप्ती, बेतवा और शिप्रा के उद्गम स्थल भेड़ाघाट आदि उल्लेखनीय हैं। ओंकारेश्वर, महाकाल, मैहर, सलकनपुर, ओरछा, तरावली, पीताम्बरा पीठ, पशुपतिनाथ मंदसौर, बाघ अभ्यारण्य, प्रमुख बाँध, पचमढ़ी आदि लगभग सौ विविध स्थानों को पर्यटन से जोड़कर निवेश आमंत्रित किये गये हैं। इनमें अधिकांश वे स्थल हैं इनका उल्लेख विदेशी पर्यटकों ने भी किया है। ये सभी स्थल न केवल प्रदेश अपितु विदेशी पर्यटकों केलिये भी आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। ग्लोबल समिट में निवेशकों ने इन सभी क्षेत्रों को एक पर्यटन कॉरीडोर बनाकर निवेश में रुचि दिखाई और निवेश करार भी हुये। इससे तीन लाभ होगे। एक तो इन क्षेत्रों में पर्यटन बढने से आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी, परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर बढ़ेगे दूसरा पूरे विश्व से आने वाले पर्यटक मध्यप्रदेश के साँस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक गौरव से परिचित हो सकेंगे। और तीसरा सबसे महत्वपूर्ण है इन स्थलों का रखरखाव बढ़ेगा अर्थात विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण होगा।

# तंबाकू सेवन एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट


अमरपाल सिंह वर्मा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी।

अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं।

संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है।डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वषर्गांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलागंता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तंबाकू जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं क्योंकि वह अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आज आपको कुछ सम्मानित लोगों का स्नेह मिलेगा। जीवन में चल रही उलझनों से आज छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा के साथ आप काम करेंगे। कार्य शुरू करने से पहले अपने सहकर्मियों की सलाह जरूर ले लें, जिससे आपको काम करने में आसानी हो। सोशल मीडिया पर फेमस लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें। बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे। आज आपका महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। आज धार्मिक आयोजन में जाने से मानसिक रूप से राहत मिलेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट में पहले से चली आ रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। किस्मत का साथ मिलने में परेशानी आ सकती है, इसलिए मेहनत से काम करें। किस्मत के सहारे न बैठें। राजनीति से जुड़े लोग आज अपना समारोह करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके विश्वास न करें। आज घर के बड़े-बुजुर्गों का ख़ास ख्याल रखने की जरूरत है, समय से दवाई दे। लेखनों की किताब पब्लिश हो सकती है, जिसको लोगों के द्वारा काफी पसंद किया जाएगा।

सिंह राशि :आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आप प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फंसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके बिजनेस में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी।

तुला राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। आज आप परिवार को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे। आज आपका किसी इंटरव्यू में सेलेक्शन होगा अच्छी जॉब मिलेगी। आपके अच्छे विचार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से शांति महसूस करेंगे। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके काम से लोग प्रभावित होकर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज लोगों की मदद करने की इच्छा मन में जागेगी। आज आप शॉपिंग करने जा सकते हैं। आज आपकी व्यापारिक योजनाएं सफल होंगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट होगा। आज अपने व्यस्तता से भरे माहौल से थोड़ा समय निकालकर अपने लिए परिवार के लिए निकालेंगे तो खुशियां बढ़ेगी। आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से किया गये काम में आपको सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर किसी मेहमान के आने से खुशियां ही खुशियां होंगी। लेकिन किसी काम को कुछ देर तक के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। आज किसी भी विपरीत परिस्थितियों में अपने गुस्से को नियंत्रित करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति से कुछ नया सीखेंगे, लोगों के लिए आज आपका रवैया अच्छा रहेगा। किसी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी।

# डोनाल्ड ट्रंप बनाम यूरोपीय यूनियन

**- किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश यह महसूस कर रहा है कि अमेरिका में ट्रंप शासन आने के बाद दुनियाँ की परिस्थितियों में परिवर्तन हो रही है, ट्रंप के अमेरिकी फर्स्ट के विज़न के कारण ट्रंप तेजी से ऐसी परिस्थितियों लाने को आतुर हैं, ताकि अमेरिका की आर्थिक स्थिति मजबूत हो, अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो, यूक्रेन की खनिज में हिस्सेदारी तथा रूस के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ाना, व्हाइट हाउस में ट्रंप जेलेंस्की विवाद इत्यादि इसी का ही एक हिस्सा माना जा सकता है, तो उधर 27 देश का संगठन यूरोपीय यूनियन, नाटो, तुर्की इत्यादि पूरी स्थिति को समझ रहे हैं, क्योंकि ईयू को पूरी प्रक्रिया में अलग- थलग किया जा रहा है, नतीजा यह है कि शुक्रवार 28 फरवरी 2025 को व्हाइट हाउस में ज़ेलेंसकी व ट्रंप की गहमागहमी के बाद जैलेंसकी जब सीधे ब्रिटेन लंदन पहुंचे तो उन्हें हाथों- हाथ लिया गया, ईयू नाटो तुर्की उसके साथ खड़े दिखे जबकि दो अन्य देश विरोध कर रहे थे। लंदन में यूरोपीय यूनियन देशों का यूक्रेन जंग मुद्दे पर डिफेंस समिट हुआ, जिसमें यूक्रेन की मदद की बात कीगई व अमेरिका को युद्ध समझौता प्लान देने पर बातचीत हुई। संयोगवश उसी दौरान यूरोपीय यूनियनकी अध्यक्ष 27-28 फरवरी 2025 को भारत दौरे पर थी, जहां विदेश मंत्री व पीएम से सफल चर्चा के बाद रूस ने तंज कसा कि यूरोप भारत की शरण में जा रहा है,यानें भारत का रुतबा बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, ऐसा मेरा मानना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप बनाम यूरोपीय यूनियन, यूरोपीय देशों में मतभेदों के बीच यूरोपीय यूनियन अध्यक्ष भारत के साथ पींगे बढ़ाने को आतुर? रूस का तंज, भारत की शरण में पूरा यूरोप? जिससे भारत की अहम भूमिका हो गई है।

साथियों बात अगर हम यूरोपीय यूनियन के चर्चा में आने व यूक्रेन को समर्थन करने की करें तो जेलेंस्की के सपोर्ट में कई यूरोपीय देश यूरोप के कई नेताओं ने जेलेंस्की के लिए अपना समर्थन जताया है। नॉर्वे, नीदरलैंड, पोलैंड, यूरोपीय यूनियन, जर्मनी, ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी जेलेंस्की के लिए समर्थन जताया।जेलेंस्की शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। जहां दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। ट्रम्प-वेंस और जेलेंस्की एक-दूसरे की तरफ उंगली दिखाते नजर आए। ट्रम्प ने कई बार जेलेंस्की को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि वो तीसरा विश्वयुद्ध कराने का जुआ खेल रहे हैं।जेलेंस्की ने कहा कि जब आप युद्ध में होते हो, तो सबके साथ परेशानियां होती हैं।भविष्य में इस युद्ध का असर अमेरिका पर भी पड़ेगा।ट्रम्प यह सुनकर झुंझला गए और उन्होंने कहा कि हमें मत बताइए कि हमें क्या महसूस करना चाहिए। यूक्रेन जंग के मुद्दे पर यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट लंदन में हुई, इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए। ब्रिटिश पीएम ने गले लगाकर जेलेंस्की का स्वागत किया ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने दो बार यूक्रेनी राष्ट्रपति को गले लगाया। सबसे पहले उन्होंने जेलेंस्की के लंदन पहुंचने पर गले लगाकर उनका स्वागत किया, फिर डिफेंस समिट में जेलेंस्की के पहुंचने पर दूसरी बार गले लगाया।इससे पहले जब जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो सड़कों पर लोगों ने जेलेंस्की के सपोर्ट में जोरदार नारे लगाए। स्टार्मर ने उन्हें रिसीव किया और कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है। हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए। जेलेंस्की ने इस सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। यूक्रेन के सपोर्ट के मुद्दे पर यूरोपियन यूनियन के अंदर भी दरार नजर आ रही है। स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको का कहना है कि वो यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य तौर पर मदद नहीं देंगे। यूक्रेन कभी भी सैन्य ताकत के दम पर रूस को बातचीत के टेबल पर नहीं ला पाएगा। इससे पहले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी जेलेंस्की के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सपोर्ट किया है। व्हाइट हाउस में दोनों के बीच हुई बहस के बाद उन्होंने ट्रम्प को मजबूत और जेलेंस्की को कमजोर कहा था। उन्होंने ट्रम्प का धन्यवाद भी किया था। ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए

साथियों बात अगर हम व्हाइट हाउस में ट्रंप से गहमागहमी के बाद जैलेंसकी सीधे लंदन यात्रा पर पहुंचने की करें तो पीएम स्टार्मरनें कहा हमारी कोशिश यूक्रेन को मजबूत स्थिति में लाना है। हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दोगुना कर रहे हैं।स्टार्मर ने कहा कि समिट में शामिल नेताओं ने यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने और रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने पर सहमति जाहिर की है। किसी भी शांति वार्ता में यूक्रेन को शामिल किया जाना चाहिए।स्टार्मर का कहना है कि किसी भी समझौते में रूस को शामिल करना जरूरी होगा, लेकिन रूस ने इससे पहले कई बार समझौतों का उल्लंघन किया है, ऐसे में हमें यह तय करना होगा कि यूक्रेन को दी जाने वाली गारंटी पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। आगे के संघर्ष से बचने के लिए गारंटी की जरूरत है। इस बैठक से पहले स्टार्मर ने कहा था कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। ये प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि ये प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा।

साथियों बात अगर हम यूक्रेन जंग मुद्दे पर हुए डिफेंस समिट में अन्य देशों की प्रतिक्रिया की करें तो, बैठक के बाद किसने क्या कहा, (1)उर्सुला वॉन डेर लेयेन- यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष ने कहा कि हमें यूरोप को तत्काल हथियारबंद करना होगा। हमें डिफेंस निवेश बढ़ाना होगा। यह यूरोपीय यूनियन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। हमें फिलहाल सबसे खराब हालात के लिए तैयार रहना चाहिए। इसे लेकर 6 मार्च को यूरोपीय परिषद में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। (2) मार्क रूटे- नाटो के महासचिव ने कहा कि यूरोपीय देश सुरक्षा के लिए खर्च और यूक्रेन को सपोर्ट बढ़ाने के लिए कदम उठाएंगे।

# नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए सीआरपीएफ हवलदार के घर पहुंचे डीजी जीपी सिंह



नई दिल्ली (ए.)। सीआरपीएफ के शहीद हवलदार महिमा नंद शुक्ला के परिजनों का हालचाल जानने के लिए बल के डीजी जीपी सिंह झारखंड के पलामू जिले के गांव कमालकेडिया में पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों को बल की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। खासतौर पर शहीद के बच्चों की शिक्षा को लेकर डीजी जीपी सिंह ने परिजनों से बातचीत की। किसी भी तरह की मदद के लिए उन्हें सीआरपीएफ के झारखंड सेक्टर के टच में रहने के लिए कहा।

बता दें कि सीआरपीएफ जवान महिमा नंद शुक्ला, दंतेवाड़ा में संचालित माओवाद विरोधी अभियान के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विस्फोट में शुक्ला की दोनों टांगें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस वक्त यह घटना हुई, तब हवलदार महिमा नंद शुक्ला और उनके साथी कमाल पोस्ट कैंप पर लौट रहे थे। चूंकि महिमा नंद अपने दल का नेतृत्व कर रहे थे, इसलिए वे आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हेलीकॉप्टर के जरिए रायपुर ले जाया गया। जब हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो उन्हें 14 फरवरी को एयर एंबुलेंस की मदद से नई दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया।

हालत बिगड़ने की वजह से महिमा नंद शुक्ला ने 20 फरवरी को एम्स में अंतिम सांस ली। डीजी जीपी सिंह ने कहा कि शुक्ला, सीआरपीएफ के बहादुर जवान थे। उन्होंने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी है। शूरवीर महिमा नंद शुक्ला के अदम्य साहस, शौर्य एवं मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को सीआरपीएफ नमन करती है। यह बल सदैव अपने वीर के परिवार के साथ सदैव खड़ा है। शहीद के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बेटी है। डीजी ने कहा, सीआरपीएफ द्वारा शहीद परिवार की पूरी मदद की जाएगी। सीडब्लूए की तरफ से भी परिवार को मदद मिलेगी।

## तेज हवाओं ने करवाया ठंड का एहसास, न्यूनतम पारे में भी गिरावट

नोएडा (ए.)। एनसीआर में चल रही तेज हवाओं के चलते न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक पहुंच चुका है। अगले एक हफ्ते में यह तापमान 17 डिग्री तक वापस पहुंचेगा। मंगलवार सुबह से ही चल रही तेज हवा एक बार फिर ठंडक का एहसास करवा रही है।पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो 5 मार्च को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। दिन भर तेज हवाओं के चलने की संभावना जताई गई है।आईएमडी के मुताबिक इन तेज हवाओं के चलने का सिलसिला गुरुवार सुबह से थमने की उम्मीद है, जिसके बाद अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री पहुंचने की आशंका जताई गई है। ठीक ऐसे ही 7 मार्च को भी अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री बने रहने की संभावना है।

## पीएम मोदी का उत्तराखंड दौरा आज, विंटर टूरिज्म के तहत मुखबा में मां गंगा की आरती करेंगे



उत्तरकाशी,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च गुरुवार को उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे. पीएम मोदी इस दौरान मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे. पीएम मोदी के आगमन से पूर्व हर्षिल घाटी में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. पीएम मोदी के तय कार्यक्रम के मुताबिक वो गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे और मां के दर्शन करेंगे. सुबह करीब 10:40 बजे वे ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे. जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्री गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा में चपकन की पारंपरिक पोशाक पहनकर मां गंगा की पूजा-अर्चना करेंगे. गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री को ये वस्त्र भेंट किए जाएंगे. मुखबा में पुजारी चपकन पहनकर पूजा-अर्चना करते हैं. इस बीच हर्षिल में प्रधानमंत्री को पारंपरिक पोशाक मिरजई भी भेंट की जाएगी. इसके बाद पीएम मोदी हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है. हजारों श्रद्धालु पहले ही विंटर टूरिज्म के तहत गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा, यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली, केदारनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ और बदरीनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ज्योतिर्मठ का दौरा कर चुके हैं.




नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम नई दिल्ली में क्वांटम कंप्यूटिंग राष्ट्रीय सुरक्षा निहितार्थ और रणनीतिक तैयारी पर एक पेपर के विमोचन के अवसर पर।

## पंजाब से आ रहे प्रदूषित पानी और समझौते से कम जल देने का मामला विधानसभा में गूंजा



जयपुर (ए.)। राजस्थान विधानसभा में बुधवार को प्रश्नकाल में विभिन्न विधायकों के सवालों के जवाब में सरकार ने कहा कि रावी-व्यास नदियों के जल में से अपने हिस्से का शेष 0.60 एमएएफ पानी लेने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सतलुज प्रदूषण पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने माना कि पंजाब के लुधियाना, जालंधर एवं अन्य शहरों से प्रदूषित पानी सतलुज में प्रवाहित किया जाता है, जो इंदिरा गांधी नहर, सरहिंद फीडर और बीकानेर कैनाल के जरिए राजस्थान में आता है। इसे शुद्ध कर पेयजल आपूर्ति की जाती है। सरकार ने राजस्थान-पंजाब सीमा पर रीयल टाइम वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया है।

विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर ने सदन में पूरक प्रश्न पूछते हुए कहा कि सतलुज के प्रदूषित पानी की वजह से श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ समेत 12 जिलों में कैंसर और किडनी की बीमारियां लोगों को हो रही हैं। इस पर रावत ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने इलाके में पानी की जांच में प्रदूषण की पुष्टि हुई है। केन्द्रीय मंडल ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रदूषित पानी प्रवाहित नहीं किए जाने के निर्देश दिए हैं।

**फरवरी में ही लिखा केंद्र को पत्र**

विधायक कालीचरण सराफ ने रावी-व्यास से 1981 के समझौते के अनुसार पानी नहीं मिलने का प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार कानून लाकर इस समझौते को रद्द कर चुकी है। इस पर रावत ने कहा कि फरवरी माह में ही केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय को राजस्थान के हिस्से का शेष पानी दिलाने के लिए पत्र लिखा है, कोर्ट में भी प्रभावी पैरवी कराएंगे।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा और कनक वर्धन सिंह देव, विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी और वरिष्ठ बीजद नेताओं के साथ भुवनेश्वर में राज्य विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में पुलिस चौकी के पास ग्रेनेड हमला, सुरक्षा बलों ने चलाया सर्च ऑपरेशन



बारामूला (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बीती रात एक पुलिस चौकी के पास हमले की खबर है. हालांकि, इसमें किसी जानमाल को नुकसान नहीं पहुंचा. घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया.जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक बयान के अनुसार बारामूला में एक संदिग्ध ग्रेनेड हमले की सूचना मिली. यह घटना मंगलवार रात लगभग सवा 9 बजे के करीब हुई. पुलिस के अनुसार बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस पोस्ट के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी. इससे लोगों में दहशत फैल गई. इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई.आनन-फानन में पुलिस दलों ने तुरंत अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान देर रात पुलिस चौकी के पीछे चारदीवारी के बाहर एक ग्रेनेड पिन जैसी वस्तु बरामद की गई. पुलिस को संदेह है कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था. इस विस्फोट में कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ. विस्फोट के कोई निशान नहीं पाए गए. जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है. इलाके में अभियान जारी है. जारी बयान में कहा गया है कि बारामूला पुलिस सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. नागरिकों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना निकटतम पुलिस को देने का आग्रह करती है.

## भारत में महिला बेरोजगारी दर बीते 6 वर्षों में गिरकर 3.2 प्रतिशत हुईः केंद्र

नई दिल्ली, (आरएनएस)। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत में पिछले छह वर्षों में महिला बेरोजगारी दर तेजी से घटकर मात्र 3.2 प्रतिशत रह गई है।

देश में महिला कार्यबल की भागीदारी में सुधार लाने के लिए मसूरी में आयोजित दो दिवसीय विचार-विमर्श में मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि यह अधिक समावेशिता और आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बदलाव को दर्शाता है।

डावरा ने बताया कि पिछले छह वर्षों में भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सकारात्मक रुझान देखा गया है, जिसमें आर्थिक भागीदारी बढ़ी है, बेरोजगारी घटी है और अधिक शिक्षित महिलाएं कार्यबल में शामिल हो रही हैं।डावरा ने कहा, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 2017-18 में 22.0 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है, जबकि इसी अवधि में महिलाओं के लिए श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है।उन्होंने आगे कहा, देश में महिला बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से गिरकर 3.2 प्रतिशत रह गई है।सरकार ने विकसित भारत 2047 के तहत महिला कार्यबल भागीदारी 70 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है।

इस विचार-विमर्श में उद्योग की मांग के अनुसार कौशल विकास पहलों को संरेखित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया, जिससे उच्च विकास वाले क्षेत्रों में महिलाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## पकड़ी गई महिला नक्सली- दिल्ली में नाम के साथ बदला पता, नोएडा भी रही; झारखंड में ली हथियारों की ट्रेनिंग



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली में पहचान बदलकर रह रही नक्सली महिला को गिरफ्तार किया है। उसने नाम व पहचान बदल ली थी। वह नक्सली बनने के समय पांच साल का कठोर प्रशिक्षण लिया था। गिरफ्तार नक्सली महिला वर्ष 2018, 2019 और 2020 में तीन मुठभेड़ों में शामिल रही थी।

**23 साल की है महिला नक्सली**

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला (23 वर्ष) झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुदाबुरू गांव की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि इंस्पेक्टर लिछमन और एसआई देवेंद्र को एक माओवादी चरमपंथी महिला के बारे में 4 मार्च को गोपनीय जानकारी मिली,जो सीपीआई माओवादी नक्सली समूह का सदस्य है।

**नाम और पता बदल कर रह रही थी दिल्ली में**

यह पता चला कि नक्सली महिला अपनी असली पहचान छिपाकर और गलत नाम का इस्तेमाल कर दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में रह रही है। वह वर्तमान में महाराणा प्रताप एन्क्लेव, पीतमपुरा में भी नौकरी करती है। पुलिस टीम ने महाराणा प्रताप एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली में छापेमारी कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

**नक्सली कैंप में ले चुकी है प्रशिक्षण**

गिरफ्तार महिला एक किसान परिवार से है और उसके तीन भाई और दो बहनें हैं। उसके गांव का एक माओवादी उसके पास आया और उसे बेहतर भोजन, देखभाल और सुरक्षा का लालच देकर अपने साथ ले गया। उस समय नक्सली शिविर में 300-450 लोग रहते थे, जिनमें 40-50 महिलाएं थीं। उसकी उम्र के 4-5 बच्चे शिविर में शामिल थे।

नक्सल गतिविधियों में उसकी भागीदारी बेहद कम उम्र यानी 10 वर्ष की आयु से शुरू हुई जब वह कुख्यात नक्सली शिविर भाकपा माओवादी उग्रवादी जीवन कंडुलना में शामिल हुई।


## असम समेत पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके, 5.6 रही तीव्रता

नईदिल्ली (आरएनएस)। एक बार फिर बुधवार को असम समेत पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 5.6 मापी गई है। भूकंप को लेकर अभी किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं आई है। भूकंप के झटके लगते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। बता दें कि पिछले 2 हफ्ते में भारत के कई हिस्सों में भूकंप के तगड़े झटके लग चुके हैं।

## आपराधिक मानहानि मामले में मेधा पाटकर की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के साकेत कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दिए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. एडिशनल सेशंस जज विशाल सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया. सुनवाई के दौरान वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से मेधा पाटकर को आत्मसमर्पण करने का निर्देश देने का आग्रह करते हुए कहा था कि पाटकर की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है. उन्होंने कहा था कि इसे खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि मेधा पाटकर की याचिका पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं.बता दें कि 27 जुलाई 2024 को सेशंस कोर्ट ने जुडिशियल मजिस्ट्रेट के फैसले पर रोक लगाते हुए वीके सक्सेना को नोटिस जारी किया था. मेधा पाटकर ने जुडिशियल मजिस्ट्रेट की ओर से दी गई पांच महीने की कैद और दस लाख रुपये के जुर्माने की सजा को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है. जुडिशियल मजिस्ट्रेट ने 1 जुलाई 2024 को मेधा पाटकर को सजा सुनाई थी. जुडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में अधिकतम सजा दो साल की होती है, लेकिन मेधा पाटकर के स्वास्थ्य को देखते हुए पांच महीने की सजा दी जाती है. कोर्ट ने इस सजा पर 30 दिनों तक निलंबित रखने का भी आदेश दिया था.

कोर्ट ने मेधा पाटकर को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दोषी करार दिया था. कोर्ट ने कहा था कि ये साफ हो गया है कि आरोपी मेधा पाटकर ने सिर्फ प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ गलत जानकारी के साथ आरोप लगाए.



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लंदन में यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मुलाकात की.

## एक के बाद एक रेलवे के अधिकारियों पर गिर रही गाज, छ्त्र्रुके बाद सहायक सुरक्षा आयुक्त पर एक्शन



नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में रेलवे पूरी जांच रिपोर्ट आने के पहले ही अधिकारियों पर गाज गिरा रहा है। दिल्ली रेल मंडल प्रबंधक (डीआरएम) के बाद 15 फरवरी को हुए हादसे मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) महेश चंद सैनी को भी पद से हटाया गया है। दिलिप राव जिचकर को एएससी की कमान सौंपी गई है। कोटा रेल मंडल में जिचकर इसी पद पर तैनात थे।

रेलवे स्टेशन पर हादसे मामले में रेल प्रशासन ने वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (यात्री सेवाएं) और नई दिल्ली स्टेशन निदेशक के साथ ही आरपीएफ के अधिकारियों को भी पद मुक्त कर रहा है। रेलवे बोर्ड पद से हटाने के साथ ही तत्काल प्रभाव से उस पद पर किसी और की नियुक्ति भी कर रहा है। इस निर्देश के बाद दिल्ली रेल मंडल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। आने वाले दिनों में कई अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। क्योंकि भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच के लिए रेलवे प्रशासन ने दो सदस्यीय समिति गठित की है। पूरी रिपोर्ट नहीं आई है।

## ईशान खट्टर और तारा सुतारिया प्यार आता है के लिए हुए रोमांटिक, 7 मार्च को गाना होगा रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता ईशान खट्टर और खूबसूरत अदाकारा तारा सुतारिया अपने नए गाने प्यार आता है में रोमांटिक अंदाज में नजर आएंगे. इस गाने का टीजर 6 मार्च को रिलीज किया जाएगा, जबकि फुल सॉन्ग 7 मार्च को सुबह 11 बजे प्लेडीएम आधिकारिक के यूट्यूब चैनल पर लॉन्च होगा. ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह तारा सुतारिया के साथ एक बेहद रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं. पोस्टर में दोनों की शानदार केमिस्ट्री दिखाई दे रही है, जो इस गाने के रोमांटिक थीम को पूरी तरह दर्शाता है. ईशान ने कैप्शन में लिखा, हर लव स्टोरी की एक शुरुआत होती है... और हमारी कल से शुरू हो रही है.इस गाने को मशहूर सिंगर्स श्रेया घोषाल और रीटो रीबा ने गाया है, जबकि इसके बोल राजत नागपाल ने लिखे हैं. गाने का म्यूजिक राणा सोतल ने दिया है और इसे स्नेहा शेट्टी कोहली ने डायरेक्ट किया है.

फैंस इस गाने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. एक यूजर ने कमेंट किया, वाह! इंतजार नहीं कर सकते श्रेया घोषाल की मैजिकल आवाज सुनने का. वहीं, कई यूजर्स इस रोमांटिक ट्रैक के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

# आप मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर हैं : रकुल प्रीत




मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने पिता के जन्मदिन के मौके पर उन्हें खास अंदाज में शुभकामनाएं दीं। एक्ट्रेस ने अपने पिता को सबसे बडा चीयर लीडर बताया। इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारा वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके बचपन से लेकर पिता के साथ बिताए गए अनमोल पलों की झलक देखने को मिली।

इस वीडियो में कुछ पुरानी तस्वीरें भी शामिल हैं, जिनमें एक में वह अपने पिता की गोद में नजर आ रही हैं, तो दूसरी में उनके पिता भारतीय सेना की वर्दी में स्कूटर पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। रकुल ने इस वीडियो के साथ भावुक कैप्शन लिखा, मेरे पहले कदम से लेकर अब तक के हर मील के पत्थर तक, आप हमेशा मेरे लिए एक चट्टान की तरह खड़े रहे हैं। मेरे सबसे बड़े समर्थक होने से लेकर मुझे सही राह दिखाने तक, आप मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर हैं। चाहे कितना भी समय बीत जाए, मैं हमेशा आपकी छोटी बच्ची रहूंगी। जन्मदिन मुबारक हो, पापा!इसके साथ ही उन्होंने आगे लिखा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। आपकी सेहत अच्छी रहे और आप जिम में प्लैंक और पंजा लड़ाने में सभी को मात देते रहें। साथ ही, आज आपको केक खाने की पूरी इजाजत है! रकुल प्रीत अपने परिवार के प्रति गहरे लगाव के लिए जानी जाती हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर उनके साथ बिताए पलों को साझा करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पति जैकी भगनानी के साथ भी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वह गुलाबी लिली के फूलों के साथ नजर आईं। उन्होंने लिखा, जब पति फूल लेकर आते हैं... जैकी भगनानी, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। रकुल और जैकी ने 21 फरवरी को अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाई थी।

इस खास मौके पर दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जिसमें उनके साथ बिताए खूबसूरत पलों को दिखाया गया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत हाल ही में फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ नजर आई थीं। अब वह जल्द ही 'दे दे प्यार दे 2' में अपनी पुरानी भूमिका 'आयशा खुराना' के रूप में वापसी करेंगी। इस फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर 'आशीष मेहरा' के किरदार में दिखेंगे, जबकि आर. माधवन भी अहम भूमिका निभाएंगे। अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तब्बू, जिमी शेरगिल, आलोक नाथ और इनायत सूद भी नजर आएंगे।

# मैं जब छोटी थी, तब दोनों भाई मुझसे जलते थे : सोनाक्षी सिन्हा



मुंबई (ए.)। हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शादी के बाद अपने भाइयों से रिश्तों को लेकर खुलकर बातें की। हालांकि, उन्होंने शादी को लेकर कुछ खास नहीं कहा, लेकिन अपने बचपन और भाइयों के साथ रिश्ते को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा कीं।

उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उनके दोनों भाई उनसे जलते थे। सोनाक्षी ने कहा, मैं घर में सबसे छोटी थी और एक लड़की होने के कारण मम्मी-पापा की लाडली थी। मुझे हमेशा ज्यादा प्यार मिलता था, जिससे मेरे भाई मुझसे थोड़ा चिढ़ते थे। वे मुझे तंग करते थे और इसी वजह से हमारी अक्सर लड़ाइयां भी होती थीं। सोनाक्षी की शादी में उनके भाई लव और कुश की गैरमौजूदगी को लेकर तरह-तरह की बातें सामने आई थीं। शादी के दौरान लव सिन्हा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे, लेकिन उन्होंने शादी को लेकर कोई पोस्ट नहीं किया।

हालांकि, कुश सिन्हा शादी से जुड़े कुछ फंक्शंस में नजर आए थे, लेकिन लव पूरी तरह से गायब रहे। इस पर जब लव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था, मुझे इस बारे में कुछ वक्त चाहिए। अगर सही लगा तो मैं इस पर जरूर बात करूंगा। इसके बाद उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली। वहीं, सोनाक्षी के पिता शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी बेटी का हमेशा समर्थन किया और उनकी शादी में भी शामिल हुए थे। हालांकि, लव और कुश की अनुपस्थिति ने कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने पिछले साल अपने लॉन्ग-टर्म बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी की थी। यह शादी बॉलीवुड गलियारों में काफी चर्चा में रही थी, क्योंकि सोनाक्षी और जहीर दोनों ही लंबे समय से रिलेशनशिप में थे, लेकिन उन्होंने इसे हमेशा प्राइवेट रखा। शादी के बाद जहां कई लोगों ने इस जोड़ी को बधाइयां दीं, वहीं कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया। हालांकि, शादी को लेकर जितनी चर्चा थी, उससे ज्यादा सुर्खियां इस बात ने बटोरी कि सोनाक्षी के दोनों बड़े भाई लव और कुश सिन्हा उनकी शादी में नजर नहीं आए। इस पर कई तरह की अटकलें लगाई गईं कि सोनाक्षी और उनके परिवार के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा।

# कृति सनोन ने बताया उनका पसंदीदा सीज़न आ गया



***हममें से ज़्यादातर लोगों की तरह, कृति सनोन का भी पसंदीदा मौसम आम का मौसम है। जैसे-जैसे गर्मियाँ आ रही हैं, लुका छुपी की अभिनेत्री ने कुछ स्वादिष्ट आमों का लुत्फ़ उठाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इतना ही नहीं, कृति सनोन ने भी आम के रंग की पोशाक पहन रखी थी, जिससे वह अपनी स्वाद कलिकाओं को संतुष्ट कर रही थीं।***

कृति सनोन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मेरा पसंदीदा सीज़न आ गया है..जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है? मुझे एक ऐसा जवाब दीजिए जो आम से अलग हो!

पिछले हफ्ते, कृति सनोन ने आनंद एल राय की अगली फ़िल्म तेरे इश्क में के सेट पर अपनी मिठाई की तलब को शांत किया। शूटिंग के दौरान उन्हें कुछ स्वादिष्ट जलेबी खिलाई गईं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक छोटा वीडियो डाला, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, आपको पता चलता है कि आप ञ्चआनंदलराय सर के सेट पर हैं जब....

कृति सनोन पहली बार धनुष के साथ तेरे इश्क में में नज़र आएंगी। बहुप्रतीक्षित ड्रामा की कहानी हिमांशु शर्मा ने नीरज यादव के साथ मिलकर लिखी है। आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने मिलकर इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस किया है।

टी-सीरीज और कलर येलो के सहयोग से गुलशन कुमार द्वारा प्रस्तुत तेरे इश्क में 2013 की फिल्म रांझणा का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो एकतरफा प्यार और भावनात्मक संघर्ष के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है।

तेरे इश्क में के टीज़र में घोषणा की गई, पिछली बार तो कुन्दन था, मान गया पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे? (पिछली बार यह कुन्दन था, उसने इसे स्वीकार कर लिया, लेकिन इस बार आप शंकर को कैसे रोकेंगे?)। वीडियो में धनुष को दीवार पर आग जलाते हुए दिखाया गया है, जिस पर लिखा है, रांझणा की दुनिया से।

फिल्म में मुक्ति के रूप में कृति सनोन का पहला लुक सामने आया है, जिसमें वह एक अराजक, युद्ध जैसे दृश्य से गुज़रती हुई नज़र आ रही हैं, जिसमें वह तनावग्रस्त और टूटी हुई नज़र आ रही हैं। वह खुद पर पेट्रोल डालती हैं और लाइटर पकड़कर खुद को आग लगाने की तैयारी करती हैं।

तेरे इश्क में 28 नवंबर को हिंदी और तमिल दोनों में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

## निकिता दत्ता की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, एक्ट्रेस की हॉट अदाएं देख दीवाने हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना निकिता दत्ता आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पर्पल कलर की हॉल्टर नेक लुक में आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।ग्लैम मेकअप, बालों का हाई बन बनाकर और रेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# शैंपू से सिर धोने के दो दिन बाद ही बाल चिपचिपे लगते हैं? अपनाएं ये तरीके



क्या आपके बाल शैंपू करने के दो दिन बाद ही चिपचिपे और बेजान लगने लगते हैं? यह समस्या कई लोगों को होती है।

इसका कारण गलत देखभाल या कुछ आदतें हो सकती हैं, जो आपके बालों की सेहत पर असर डालती हैं। सही तरीके से बालों की देखभाल करके आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

आइए आज हम आपको कुछ टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप बालों को लंबे समय तक साफ रख सकते हैं।

### सही शैंपू का चुनाव करें

बालों की चिपचिपाहट का एक बड़ा कारण गलत शैंपू का इस्तेमाल हो सकता है।अगर आपके बाल जल्दी चिपचिपे हो जाते हैं तो हल्के और सल्फेट-फ्री शैंपू का चुनाव करें। यह आपके स्कैल्प से अतिरिक्त तेल हटाने में मदद करेगा बिना उसे नुकसान पहुंचाए।ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा फोम बनाने वाले शैंपू अक्सर अधिक ड्राई कर देते हैं, जिससे स्कैल्प अधिक तेल पैदा करता है।

### कंडीशनर का सही इस्तेमाल करें

कंडीशनर का सही इस्तेमाल बालों की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। इसे हमेशा बालों के सिरों पर लगाएं, जड़ों पर नहीं।जड़ों पर कंडीशनर लगाने से स्कैल्प में तेल जमा हो सकता है, जिससे बाल जल्दी चिपचिपे हो सकते हैं।कंडीशनर को अच्छी तरह से धोना भी अहम है ताकि कोई अवशेष न रह जाए। इससे आपके बाल मुलायम और चमकदार रहेंगे, साथ ही चिपचिपाहट की समस्या भी कम होगी।

### गर्म पानी से बचें

गर्म पानी से सिर धोने पर स्कैल्प के प्राकृतिक तेल तेजी से निकल जाते हैं, जिससे स्कैल्प अधिक तेल पैदा करने लगता है और बाल जल्दी चिपचिपे हो जाते हैं।इसलिए हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करें ताकि स्कैल्प का तेल संतुलित रहे और बाल लंबे समय तक साफ रहें।

यह तरीका आपके बालों को मुलायम और चमकदार बनाए रखता है, जिससे वे स्वस्थ दिखते हैं।

### नियमित रूप से ब्रश करें

बालों को नियमित रूप से ब्रश करना जरूरी है क्योंकि इससे स्कैल्प में जमा प्राकृतिक तेल पूरे बालों में फैल जाता है, जिससे वे स्वस्थ और कम चिपचिपे दिखते हैं। ब्रशिंग से खून का संचार भी बेहतर होता है, जो बालों को मजबूत बनाता है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा ब्रश करना नुकसानदायक हो सकता है क्योंकि इससे बाल टूट सकते हैं। संतुलित मात्रा में ब्रश करें ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।

### सूखे शैंपू का उपयोग करें

अगर आपके पास रोजाना बाल धोने का समय नहीं है तो सूखा शैंपू एक अच्छा विकल्प हो सकता है।यह आपके बालों में जमा अतिरिक्त तेल को तुरंत सोख लेता है, जिससे वे ताजगी भरे और साफ दिखते हैं।इसे स्कैल्प पर हल्के से छिड़कें और उंगलियों से मालिश करें ताकि तेल अच्छी तरह से सोख लिया जाए।यह तरीका खासतौर पर उन दिनों के लिए उपयोगी होता है जब आप जल्दी में हों या यात्रा कर रहे हों।

### खान-पान पर ध्यान दें

आपके आहार का सीधा असर आपकी त्वचा और बालों पर पड़ता है।

अगर आप ज्यादा तैलीय भोजन खाते हैं तो आपकी त्वचा और स्कैल्प अधिक तेलीय हो सकते हैं। इसलिए संतुलित आहार लेना जरूरी है।

अपने खाने में हरी सब्जियां, फल और पर्याप्त मात्रा में पानी शामिल करें। इससे आपकी त्वचा और स्कैल्प स्वस्थ रहेंगे और बालों की चिपचिपाहट भी कम होगी।सही पोषण से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं, जिससे बाल लंबे समय तक साफ रहते हैं।

# क्यों रोजाना मॉइस्चराइजर का उपयोग करना जरूरी है? यहां जानिए



त्वचा की देखभाल में मॉइस्चराइजर का अहम रोल होता है। चाहे आपकी त्वचा रूखी हो या तैलीय, मॉइस्चराइजर का नियमित उपयोग आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

यह लेख खासकर महिलाओं के लिए उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिनकी वजह से आपको अपनी रोजमर्रा की स्किनकेयर रूटीन में मॉइस्चराइजर को शामिल करना चाहिए।मॉइस्चराइजर न केवल त्वचा की नमी बनाए रखता है बल्कि उसे मुलायम भी बनाता है।त्वचा की नमी बनाए रखने में है मददगार

मॉइस्चराइजर का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आपकी त्वचा की नमी को बनाए रखता है।जब आप इसे नियमित रूप से लगाते हैं तो यह आपकी त्वचा को सूखने से बचाता है और उसे मुलायम बनाता है, खासकर सर्दियों के मौसम में जब हवा शुष्क होती है तब मॉइस्चराइजर का उपयोग बहुत जरूरी हो जाता है।इससे आपकी त्वचा फटने या खुरदरी होने से बचती है और उसमें प्राकृतिक चमक बनी रहती है।

उम्र बढ़ने के लक्षणों को कर सकता है कम

उम्र बढ़ने के साथ हमारी त्वचा पर झुर्रियां और महीन रेखाएं दिखने लगती हैं, जिससे चेहरे की ताजगी कम हो जाती है।

नियमित रूप से मॉइस्चराइजर का उपयोग करने से ये लक्षण कम नजर आते हैं। मॉइस्चराइजर त्वचा को नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा में कसावट रहती है और झुर्रियां कम दिखाई देती हैं।इससे चेहरा जवान और तरोताजा नजर आता है और त्वचा की प्राकृतिक चमक बनी रहती है।सूरज की हानिकारक किरणों से दे सकता है सुरक्षाआजकल बाजार में ऐसे कई मॉइस्चराइजर उपलब्ध हैं, जिनमें सनस्क्रीन भी मिला होता है।ये उत्पाद सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से आपकी त्वचा की रक्षा करते हैं। अगर आप बाहर जाती हैं तो इस तरह के मॉइस्चराइजर्स का उपयोग जरूर करें ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे और टैनिंग जैसी समस्याओं से दूर रहे।यह आपकी त्वचा को नमी देने के साथ-साथ उसे स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है।मेकअप बेस के रूप में कर सकता है काम

अगर आप मेकअप करती हैं तो आपको पता होगा कि एक अच्छा बेस कितना जरूरी होता है।

मॉइस्चराइजर आपके मेकअप के लिए बेहतरीन बेस तैयार करता है, जिससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिकता है और फ्लॉलेस दिखता है।

यह त्वचा में नमी बनाए रखता है, जिससे फाउंडेशन और अन्य प्रोडक्ट्स आसानी से ब्लेंड हो जाते हैं।

मॉइस्चराइजर लगाने से त्वचा चिकनी रहती है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक भी आती है, जो आपके लुक को निखार देती है।

# आईपीएल के पहले मैच में कप्तानी करते दिखेंगे सूर्या!

मुम्बई (ए)। आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर



पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकते हैं। मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे ।सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं। सीसीआई ने रविवार आईपीएल के 18वें सीजन का शेड्यूल जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबले से होगा।

# आईपीएल में इस बार आईसीसी नियमों के अनुसार मिलेगी सजा



मुम्बई (ए)। अगले माह होने वाले आईपीएल 2025 में अनुशासन तोड़ना अब खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। इस बार टीमों में काफी बदलाव भी देखने को मिलेगा। कई टीमों ने कप्तान तक बदले हैं। पिछली बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कप्तानी जबकि पिछली बार दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे

आईपीएल प्रबंधन ने मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम अब पहले से अधिक सख्त कर दिए गए हैं। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा। आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। यानी इस दिन टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर का रूल जारी रहेगा। हालांकि इम्पैक्ट प्लेयर रूल को लेकर पिछले साल काफी बवाल भी हुआ था। रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इस रूल की आलोचना की थी। बावजूद इसके आगामी सीजन में इम्पैक्ट खिलाड़ियों का रूल जारी रहेगा।

## टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा के नाम जुड़ा अनोखा रिकॉर्ड

### बने दुनिया के पहले कप्तान

नई दिल्ली, (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में जगह बना ली है. सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल टिकट कटाया. इस मैच में बतौर बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ खास नहीं कर सके और सिर्फ 28 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन बतौर कप्तान एक बड़ी उपलब्धि उनके नाम जुड़ गई है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है. दरअसल, रोहित शर्मा दुनिया के ऐसे पहले कप्तान बन गए हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल, वनडे विश्व कप फाइनल, टी 20 विश्व कप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में कप्तानी की है. इससे पहले ये उपलब्धि किसी और कप्तान के नाम नहीं थी. रोहित पिछले 3 आईसीसी फाइनल में बतौर कप्तान टी 20 विश्व कप 2024 जीतने में सफल रहे थे. डब्ल्यूटीसी 2023 और वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में उन्हें ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित के पास सौरव गांगुली और एमएस धोनी की बराबरी का मौका है।

## पाकिस्तान से छिन गई चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी, पीसीबी को लगा झटका

नईदिल्ली, (ए)। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में 4 रन से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री मार ली है. भारतीय टीम लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है. इस हार के साथ ऑस्ट्रेलिया की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है. ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 264 रन बनाया था. जवाब में भारत ने 48.1 ओवर में ही 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच की मेजबानी पाकिस्तान नहीं बल्कि दुबई करेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच 9 मार्च को खेला जाएगा. टीम इंडिया ने फाइनल में जगह बना ली है. अब ये तय हो गया है चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल मैच पाकिस्तान में नहीं बल्कि दुबई में खेला जाएगा. दरअसल अगर भारत फाइनल तक का सफर तय नहीं करता तो फाइनल मैच पाकिस्तान की मेजबानी में खेला जाता, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अब दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच खेलेगी. टीम इंडिया 2013, 2017 के बाद लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी की फाइनल मैच खेलेगी।

## बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने सैनिटरी केयर कंपनी में किया निवेश, बनीं ब्रांड एंबेसडर

नईदिल्ली, (ए)। बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल अब व्यवसाय की दुनिया में भी कदम रख चुकी हैं। उन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड नारिक में निवेश किया है और इसकी ब्रांड एंबेसडर भी बनी हैं। नारिक महिलाओं के लिए बेहतर और टिकाऊ सैनिटरी उत्पाद बनाती है, जिससे उन्हें साफ-सफाई और सुविधा मिल सके।

भारत में अभी भी कई महिलाओं को अच्छे सैनिटरी पैड नहीं मिल पाते और साइना चाहती हैं कि हर महिला को सही और सुरक्षित उत्पाद मिले ।नारिक एक पर्यावरण के अनुकूल ब्रांड है, जो रियूजेबल यानी दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले सैनिटरी प्रोडक्ट्स बनाती है ।इसके पीरियड अंडरवियर फ्रांस में बने हैं और जर्मन लैब से प्रमाणित हैं। इनका फॉर्मूला बहुत सुरक्षित और किफायती है, जिससे महिलाएं बार-बार नए पैड खरीदने की जगह इन्हें धोकर दोबारा इस्तेमाल कर सकती हैं ।साइना ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी टीम : गंभीर



दुबई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर लगता है अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए हैं। गंभीर का मानना है कि टीम रविवार को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में विराट कोहली के 84 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इससे पहले टीम ने तीनो लीग मुकाबले भी जीते थे।

गंभीर ने मैच के बाद कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कह सकते कि पूरी तरह से सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। अभी तक हमने ऐसा नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम 9 मार्च को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह सर्वश्रेष्ठ खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अबतक चार स्पिनरों को उतारा है। वहीं अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे कई साहसिक फैसले भी लिए हैं। इसी को लेकर गंभीर ने कहा कि ये बदलाव इसलिए किया गया है ताकि खिलाड़ी कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर अपना सर्वश्रेष्ठ करने प्रेरित हों। गंभीर ने कहा, 'क्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है। आप इसी तरह से निखरते हैं। अगर सभी कम्फर्ट जोन में रहेंगे तो जड़ता आ जाएगी। हमारे ड्रेसिंग रूम में सब कम्फर्ट जोन से बाहर रहते हैं, चाहे कोचिंग स्टाफ हो या खिलाड़ी और आगे भी वही करेंगे जो भारतीय क्रिकेट के लिये जरुरी है।

## ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल जीत में फील्डर ऑफ द मैच बने श्रेयस अय्यर

दुबई,(आरएनएस)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत की जीत में बुलेट की तरह शानदार थ्रो के लिए श्रेयस अय्यर को फील्डर ऑफ द मैच का पदक प्रदान किया।



विराट कोहली के वीरतापूर्ण 84 रन के बाद, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल ने दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तनावपूर्ण रन-चेज के बाद भारत को लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया।

जब एलेक्स कैरी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल को अपने नाम करने का प्रयास कर रहे थे, तब श्रेयस के प्रभावशाली क्षेत्ररक्षण प्रयास ने भारत को बहुत जरूरी विकेट दिलाने में मदद की। कैरी ने 61 रनों की पारी खेली और ऐसा लग रहा था कि वे ऑस्ट्रेलिया को 275 रनों के पार ले जाएंगे, लेकिन श्रेयस ने डीप से सीधे हिट करके बाएं हाथ के बल्लेबाज को आउट कर दिया और ऑस्ट्रेलिया की गति को रोक दिया।जीत के बाद, भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को संबोधित किया और फील्डिंग में उनके प्रयासों की सराहना की और सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग सम्मान के दावेदारों का खुलासा किया, इससे पहले उन्होंने पूर्व कोच शास्त्री को श्रेयस को पदक प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में दिलीप ने कहा, नॉकआउट गेम में मौजूदगी और जागरूकता की जरूरत होती है; इसके लिए एक फील्डिंग यूनिट की जरूरत होती है जो प्रतिक्रिया न करे बल्कि ऐसी चीजें बनाए जो हो रही हैं। हमने बिल्कुल यही किया...

## ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने लिया सन्यास

नईदिल्ली, (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बैट्समैन स्टीव स्मिथ ने सन्यास ले लिया है. सेमिफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान संभालने वाले स्मिथ अब वनडे मैच नहीं खेलेंगे. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने बुधवार को इसकी घोषणा की।

मंगलवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सेमीफाइनल का मुकाबला हुआ था. ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारत ने चार विकेट से मात दी. पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कप्तानी कर रहे थे. भारत से हार मिलने के तुरंत बाद ही स्मिथ ने अपने दोस्तों को बता दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है. बता दें, स्मिथ टेस्ट मैच खेलते रहेंगे. वहीं, टी 20 इंटरनेशनल में वह लंबे समय से टीम से बाहर ही हैं. ओडीआई से सन्यास लेने का ऐलान करते हुए स्मिथ ने कहा कि मैंने हर एक पल का लुत्फ उठाया है. बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रहीं हैं. ये शानदार सफर रहा है।


# विदेश समाचार

## बांग्लादेश में सूफी दरगाहों और खानकाहों पर हमले तेज हुए



ढाका (ए)। बांग्लादेश में सूफीवाद और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं पर खतरा बढ़ने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से बांग्लादेश में सूफी दरगाहों और खानकाहों पर हमले तेज हुए हैं, जिनके पीछे कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों का हाथ बताया जा रहा है। हाल के महीनों में, 100 से अधिक सूफी मजारों को नष्ट किया गया है, जिससे देश की समन्वित धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान पर सवाल उठने लगे हैं। बांग्लादेश में करीब 12,000 मजार और 17,000 से अधिक सूफी दरगाहें मौजूद हैं, जो लाखों अनुयायियों के लिए आध्यात्मिक केंद्र हैं।पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश में अस्थिरता बढ़ी है। इस दौरान कट्टरपंथी संगठनों जैसे हिज्बुत तहरीर और जमात-ए-इस्लामी पर सूफी मजारों को निशाना बनाने का आरोप लगा है। इन समूहों का मानना है कि सूफीवाद इस्लाम के खिलाफ है, इसकारण इस खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, अब तक केवल 20 लोगों को इन हमलों के संबंध में गिरफ्तार किया है, जो इस समस्या की गंभीरता के सामने नाकाफी है।ऑर्गनाइजेशन के नेता ने बताया, इस्लामिक कट्टरपंथी बांग्लादेश में सूफी स्थलों पर हमले कर रहे हैं। उनका मानना है कि सूफी संगीत और नृत्य गैर-इस्लामी हैं। ऑर्गनाइजेशन का दावा है कि वह बांग्लादेश में 5,000 से अधिक सूफी स्थलों और दरगाहों का प्रतिनिधित्व करता है। सिलहट में सूफी दरगाह पर हमला पहला बड़ा हमला 5 और 6 अगस्त 2024 को दर्ज किया गया था, जब शेख हसीना की सरकार सत्ता से बेदखल हुई थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की नमाज के बाद छात्र, कट्टरपंथी और स्थानीय इमामों की अगुवाई में प्रदर्शनकारियों ने दरगाह परिसर में तोड़फोड़ की।

## आतंकी हमले से दहला पाकिस्तान, सैन्य परिसर में धमाके से 12 की मौत; 6 दहशतगर्द भी मार गिराए



पेशावर (आरएनएस)। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य परिसर में मंगलवार शाम को विस्फोटकों से भरे दो वाहनों में विस्फोट होने से 3 बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई। इस धमाके में कई लोग घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी एक आतंकवादी समूह ने ली है। यह हमला उस वक्त हुआ, जब लोग रमजान के पवित्र महीने में अपना उपवास खोल रहे थे। इस दौरान बड़े धमाके हुए और गोलीबारी भी हुई ।पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना की निंदा की और कहा कि यह दया के लायक नहीं हैं। यह हमला पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में हुआ। इस हमले में मरने वालों में 3 बच्चे और 2 महिलाएं शामिल हैं। इस हमले में 32 लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी के मुताबिक आत्मघाती बम विस्फोटों के बाद 12 आतंकवादियों ने परिसर पर हमला करने का प्रयास किया था और 6 हमलावरों को मार गिराया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा,विस्फोटों से 4 फुट के दो गड्ढे बन गए और उनकी तीव्रता के कारण इलाके के कम से कम 8 घर क्षतिग्रस्त हो गए ।हमले की जिम्मेदारी हाफ़िज़ गुल बहादुर नाम के एक गुट ने ली है, जिसने 2001 से अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन के खिलाफ युद्ध में अफगान तालिबान का सक्रिय रूप से समर्थन किया था। समूह ने एक बयान में कहा,हमारे लड़ाकों को एक महत्वपूर्ण लक्ष्य तक पहुंच मिल गई और उन्होंने नियंत्रण कर लिया।

## अमेरिकी संसद का संयुक्त सत्र, राष्ट्रपति ट्रंप का दावा- हमारे देश का लौटा सुनहरा दौर

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अपनी पीठ थपथपाते हुए कहा कि अमेरिका का सुनहरा दौर लौट चुका है।

ट्रंप ने दावा किया कि 43 दिनों में उन्होंने वह कर दिखाया जो अब तक कोई सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने कहा,छह हफ्ते पहले, मैंने इस कैपिटल के गुंबद के नीचे खड़े होकर कहा था कि अमेरिका का सुनहरा दौर शुरू हो रहा है। तब से लेकर अब तक, हमने तीव्र गति से बिना रुके काम किया है, ताकि देश के इतिहास का सबसे कामयाब और शानदार दौर लाया जा सके। पिछले 43 दिनों में जो हमने काम किया है, वह कई सरकारें कई साल में नहीं कर पाईं। अमेरिका वापस आ गया है। यह तो बस शुरुआत है ।उन्होंने आगे कहा,मैं आज रात हाउस चैंबर में यह बताने के लिए लौटा हूं कि अमेरिका की रफ्तार फिर से लौट आई है, हमारी ताकत वापस आ गई है, हमारा गर्व लौट आया है, हमारा आत्मविश्वास फिर से ऊंचा है, और अमेरिकी सपना पहले से बड़ा और बेहतर हो रहा है।

ट्रंप ने 100 एग्जिक्यूटिव ऑर्डर्स का भी जिक्र किया। कहा,मैंने अब तक लगभग 100 एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स पर साइन किए हैं और छह हफ्ते पहले पद संभालने के बाद 400 से ज्यादा कार्यकारी कदम उठाए हैं। उनके मुताबिक जॉर्ज वाशिंगटन का कार्यकाल 'नंबर दो' था, जबकि उनका सबसे ऊपर है। ट्रंप ने जो बाइडेन को अमेरिका का सबसे खराब राष्टपति बताया। उन्होंने कहा- 'मैंने दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी का ऐलान किया और अमेरिकी सेना व बॉर्डर पेट्रोल को तैनात किया ताकि हमारे देश पर हो रहे आक्रमण को रोका जा सके। जो बाइडेन अमेरिकी इतिहास के सबसे खराब राष्टपति रहे। उनके कार्यकाल में हर महीने लाखों की संख्या में अवैध लोग अमेरिका में दाखिल हुए। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक सांसदों की ओर देखते हुए कहा, 'मैं जानता हूं कि मैं यहां कुछ भी कह दूं, इससे न तो ये खुश होंगे, न खड़े होंगे, न मुस्कुराएंगे और न ही तालियां बजाएंगे।'

## शांति के लिए ताकत जरूरी'चीन ने फिर बढ़ाया रक्षा बजट; भारत के मुकाबले तीन गुना अधिक

बीजिंग (आरएनएस)। चीन ने अपना रक्षा बजट पेश किया। पड़ोसी मुल्क ने एक बार फिर अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करने का एलान किया है। ड्रैगन ने रक्षा खर्च के लिए 249 अरब डॉलर का बजट रखा है। यह पिछले साल के बजट की तुलना में 7.2 प्रतिशत अधिक है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के सामने पेश किए गए ड्राफ्ट बजट में इस साल चीन का रक्षा बजट 1.7 खरब युआन (249 अरब डॉलर) तय किया है। चीन अपनी सेना की ताकत बढ़ाने और अपने सैन्य हथियारों को एडवांस बनाने के लिए काफी पैसे खर्च कर रहा है। चीन की ओर से मंगलवार को कहा गया था कि शांति और संप्रभुता के लिए ताकत जरूरी है। अमेरिका को हर मोर्चे पर चीन चुनौती देना चाहता है। बता दें कि भारत के मुकाबले चीन का सैन्य बजट तीन गुना है। हाल ही में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश किया था। वित्त मंत्री ने 75 अरब डॉलर सैन्य खर्च के लिए आवंटित किए थे। चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच इस वर्ष के लगभग 5 प्रतिशत विकास लक्ष्य रखा है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने व्यापार युद्ध पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले से हमारी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ सकता है, लेकिन हम अमेरिका का चुनौतियों का सामने करने के लिए तैयार हैं ।बता दें कि अमेरिका ने चीन से आयातित सामानों पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है।

## ट्रंप का बड़ा एलान, 'दो अप्रैल से लगेगा रेसिप्रोकल टैरिफ, भारत सहित इन देशों की बढ़ेगी टेंशन



वॉशिंगटन (आरएनएस)। टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम उसपर उतना टैरिफ लगाएंगे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और चीन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत हम पर 100 प्रतिशत ऑटो टैरिफ लगाता है। भारत समेत चीन मेक्सिको और कनाडा समेत कई देशों पर टैरिफ लगाएंगे।

चीन दोगुना और दक्षिण कोरिया चार गुना ज्यादा टैरिफ लगाता है, जबकि हम उसे सैन्य सहायता देते हैं, लेकिन हम 2 अप्रैल से उस देश पर उतना टैरिफ लगाएंगे, जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाता है। बता दें कि इसे रेसिप्रोकल टैरिफ कहा जाता है। बता दें कि हाल ही में ट्रंप ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कहा था कि भारत को अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि टैरिफ संरचना पर कोई भी मुझसे बहस नहीं कर सकता। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने संबोधन की शुरुआत America Is Back कहकर किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका मोमेंटम वापस आ गया है। हमारी रूह वापस आ गई है। हमारा गौरव वापस आ गया है। हमारा विश्वास लौटा है। अब अमेरिका के लोग अपने सभी सपनों को पूरा कर पाएंगे ।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा,हमारा मानना है कि चाहे आप डॉक्टर हों, अकाउंटेंट हों, वकील हों या एयर ट्रैफिक कंट्रोलर हों, आपको कौशल और योग्यता के आधार पर नियुक्त किया जाना चाहिए, न कि नस्ल या लिंग के आधार पर। सुप्रीम कोर्ट ने एक साहसी और बहुत शक्तिशाली निर्णय में हमें ऐसा करने की अनुमति दी है। ट्रंप ने आगे कहा,हमने अपने पब्लिक स्कूलों से क्रिटिकल रेस थ्योरी का जहर निकाल दिया है। मैंने एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे यह अमेरिकी सरकार की आधिकारिक नीति बन गई है कि केवल दो लिंग हैं, पुरुष और महिला।

## संसद में मचा बवाल, जोर-जोर से चिल्लाने लगे पीएम , भाषण के बीच घुसने लगी भीड़

इजरायल (आरएनएस)। इजरायल की संसद में उस समय बवाल हो गया जब हमास के हमले का शिकार हुए लोगों के परिजनों ने धावा बोल दिया। जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू जोर-जोर से चिल्लाने लग पड़े। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं।



दरअसल, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू जिस वक्त संसद में भाषण दे रहे थे। उसी दौरान हमास के हमले का शिकार हुए लोगों के परिजनों ने धावा बोल दिया। ये लोग नारेबाजी करते हुए अंदर घुसना चाहते थे, लेकिन उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर ही रोक दिया। ऐसा करने पर पीड़ितों के परिजन भड़क गए और धक्कामुक्की शुरू हो गई। यही नहीं सुरक्षाकर्मियों ने कई लोगों पर बल प्रयोग किया और उन्हें घसीटते हुए या घूंसे बरसाते हुए बाहर निकाला। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की भी खबर है और उनका इलाज कराना पड़ा। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। यही नहीं इस दौरान पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी चिल्लाने लगे और कुछ लोगों को फटकारते हुए नजर आए।

# समस्याओं के संतुष्टिपूर्ण समाधान के लिए व्यावहारिक और मानवीय दृष्टिकोंण आवश्यक : कलेक्टर

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए युवाओं का पंजीयन कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश**
**आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 10,11 एवं 12 मार्च को विशेष अभियान**



सीहोर( निप्र) । जब हम किसी परिस्थिति में स्वयं को रखकर देखते है तो हम उस समस्या का बेहतर से बेहतर से समाधान निकाल पाते हैं। इसलिए नागरिकों की समस्याओं को भी व्यावहारिक और मानवीय दृष्टिकोंण से देखें तो, उनकी समस्याओं संतुष्टि पूर्वक समाधान निकल आएगा। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में अधिकारियों से कही। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता से वह स्वयं चर्चा कर वस्तुस्थिति जाने और शिकायत के निराकरण की कार्यवाही से अवगत भी कराएं। बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. कहा कि शासकीय कार्यालयों, भवनों तथा परियोजनाओं के लिए आवंटित की गई भूमि की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की है। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन के बाद भूमि पर तार फेंसिंग कर भूमि को सुरक्षित कर लिया जाए अन्यथा अतिक्रमण किये जाने की संभावना रहती है। उन्होंने निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे तथा रेलवे सहित विभिन्न परियोजना के भू-अर्जन और मुआवजा वितरण का कार्य तेजी से करें, ताकि परियोजनाओं का काम जल्द शुरू किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जहां विलंब हो रहा वहां संबंधित विभाग राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू ने सभी अधिकारियों से कहा कि कुबेरेश्वर धाम में 24 फरवरी से 03 मार्च तक आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव में जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उनसे ड्यूटी के दौरान आई कठिनाईयों-समस्याओं तथा उनके समाधन के बारे सुझाव लिए जाएं, ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों में और बेहतर ढ़ंग से व्यवसथा की जा सके।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्यम वर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरीय क्षेत्रों में स्थित खतरनाक एवं जीर्ण-क्षीर्ण भवन को हटाने की कार्रवाई में सख्ती करें

सीहोर(निप्र)। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका परिषद की संपत्ति स्थित खतरनाक एवं जीर्ण-क्षीर्ण भवनों, दुकानों के संबंध में नगरीय निकायों में सख्त कार्रवाई करते हुए इनके खतरनाक हिस्सों को तत्काल हटाया जाये। यह निर्देश आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने समस्त आयुक्त नगर पालिक मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद को जारी किये हैं। इसको लेकर नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने राजस्व अमले को नगर पालिका की संपत्ति अंतर्गत आने वाले भवनों, दुकानों और अन्य संस्थानों को खतरनाक एवं जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था वाले भवनों, दुकानों आदि को नोटिस जारी का निर्देश दिया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि पुराने एवं जर्जर भवन गिरने से होने वाली दुर्घटना से बचाव हुतु जर्जर भवन को तोडने के तहत नगर क्षेत्रांतर्गत निकाय के विभिन्न शॉपिंग कम्प्लेक्स है। जारी निर्देश में कहा है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश वर्षा ऋतु शुरू होने से पूर्व नगरीय क्षेत्र में परिषद की संपत्ति में स्थित जर्जर भवनों पर कार्रवाई करने का प्रावधान है।

# ढींगरा फैमिली फाउंडेशन ने नपा के आश्रय भवन को दी दो लाख की किताबें

*यदि नपा ने शुरू किया पुस्तकालय तो किया शुरू तो देंगे 30 लाख की किताबें*
*हमारे पूरी संपत्ति चोरी हो सकती है, लेकिन ज्ञान कभी चोरी नहीं होता : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर*



सीहोर(निप्र)। शहर में नपा आश्रय भवन संचालित करता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग ठहरते हैं और शहर के बुजुर्ग वहां समय काटने जाते हैं। वहां वो चर्चा करते हैं, लेकिन उनके लिए पत्र-पत्रिकाओं की कमी रहती है। बुजुर्ग किताबों के साथ समय बिताना चाहते हैं। किताबों के जरिए दुनिया से जुड़ कर अधिक समृद्ध चर्चा करना चाहते हैं। जिसके लिए उन्होंने नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर से किताबों की मांग की। जिसमें बाद उन्होंने शहर के शिवना प्रकाशन से इस बारे चर्चा की। शिवना प्रकाशन के प्रमुख शहरयार खान ने इस बारे में साहित्यकार पंकज सुबीर से चर्चा की। पंकज सुबीर देश भर में शिक्षा के लिए काम कर रही ढींगरा फैमिली फाउंडेशन के भारत के प्रतिनिधि है। उन्होंने ढींगरा फैमिली फाउंडेशन के जरिए नपा के आश्रय भवन के लिए दो लाख की किताबें सौंपी। किताबें नपा में एक कार्यक्रम में सौंपी गई। जिसमें परिषद पार्षद और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नपा सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित ने कहा कि किताबें हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं वो एक दोस्त की तरह। एक ऐसा दोस्त जो हमें समृद्ध करता है। हमारे बुजुर्गों को किताबों का साथ मिलेगा और वो भी समृद्ध होंगे। वहीं कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि हमारे पूरी संपत्ति चोरी हो सकती है, लेकिन ज्ञान कभी चोरी नहीं होता है। इसी लिए हमें समृद्ध होने के लिए किताबें पढ़ना चाहिए। अंत में साहित्यकार पंकज सुबीर ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को साहित्य और कला से ही जिंदा किया जा सकता है। इतने नपा अध्यक्ष रहे और किसी ने हमसे किताबें नहीं मांगी, पहली बार नपा ने किताबें मांगी हैं तो हमें खुशी हो रही है।

# स्थानीय निकायों को आय में वृद्धि पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि विभागीय बजट में 29 करोड़ से अधिक का प्रावधान

सीहोर( निप्र) । प्रदेश में नगरीय निकायों को अपनी आय में वृद्धि करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी विभिन्न बैठकों में नगर निगम महापौर और स्थानीय निकायों के अध्यक्षों को अपनी निकायों को आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बनाने के लिये निर्देश दिये हैं। इस वर्ष राजस्व आय में श्रेष्ठ कार्य करने वाली स्थानीय निकायों को पुरस्कृत करने के लिये विभागीय बजट में 29 करोड़ 4 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रोत्साहन योजना में आय में वृद्धि करने वाली नगरीय निकायों को पिछले 2 वित्तीय वर्षों में राजस्व और गैर राजस्व आय में हुई वृद्धि के प्रतिशत के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। नगरीय निकायों को संपत्ति कर, समेकित कर, नगरीय विकास उप कर एवं शिक्षा उप कर से प्रमुख रूप से आय होती है। इसके अलावा नगरीय निकायों को जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार, भूमि भवन किराया, बिल्डिंग परमिशन फीस से भी आय होती है।

## कलेक्टर ने पीएम इंटर्नशिप योजना में जिले के युवाओं से आवेदन कराने के दिए निर्देश

सीहोर( निप्र)। जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के युवाओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 है। इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है।

## रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 11 मार्च को, 11 कंपनियों द्वारा 2368 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

सीहोर,(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र एवं आईटीआई द्वारा 11 मार्च 2025 को सीहोर स्थित डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रात: 10:30 बजे से 04 बजे तक युवा संगम के तहत रोजगार-स्वरोजगार एंव अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में 11 कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रीकल्स, फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव, क्वालिटी प्रोडक्शन ऑपरेटर, बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट, ग्राफिक डिजाइनर, कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव, मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपर, सिक्योरिटी गार्ड, मशीन ऑपरेटर सहित अन्य 2368 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। रोजगार मेले में आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के लिये चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक 11 मार्च को अपना रिज्यूम,समग्र आईडी सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सीहोर स्थित शासकीय महिला आईटीआई पहुंच सकते हैं।

# किसानों को ठगने का नया तरीका आया सामने

**कृषि उपज मण्डी भैरूंदा मे इलेक्ट्रानिक तौल कांटा में चिप लगाकर धोखाधड़ी करने वाली गैंग का किया पुलिस ने पर्दाफाश**




भेरूंदा, नसरुल्लागंज( संजय कलमोर) । कृषि उपज मण्डी सचिव विलियम जार्ज ने बताया कि अनाज मण्डी में स्थापित बडा इलेक्ट्रानिक तौल कांटे में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात्रि मे मण्डी मे घुसकर डिवाइस लगाकर इलेक्ट्रानिक तौल कांटे से छेड्छाड कर धोखाधड़ी की गयी मामले की गंभीरता को देखते हुएएसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरूंदा घनश्याम दांगी द्वारा एक टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम द्वारा नगर मे लगे सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से अज्ञात आरोपीयों की पहचान की गई वही मुखबीर की सूचना पर बजरंगकुटी के पास से अज्ञात आरोपीयों को हिरासत मे लिया गया।

जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया एवं घटना मे प्रयुक्त रिमोर्ट कन्ट्रोल, चिप, आयरन सोल्डर मशीन, अनाज खरीदने-बेचने की पर्चिया, 17 क्वंटल सोयाबीन, मोबाईल फोन, पंच कार लोडिंग पिकअप MP 41 LA 2513 आरोपीयों के कब्जे से जप्त की गई आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपीयों ने किसानो से अनाज की बोली लगने के बाद किसान को बोली से अधिक दाम देने का लालच देकर अनाज खरीदते थे एवं तौल के दौरान रिमोट कन्ट्रोल की मदद से वजन को कम कर देते थे। खरीदे हुए अनाज को किराये से लिए गए गोडाउन मे रखते थे एवं अपनी पिकअप गाडी से भरकर मण्डी में तुलवाने के दौरान पुन: वजन बढाकर अवैध लाभ प्राप्त करते थे आरोपी यौगेन्द्र चौहान, रंजित सिह राजपूत ,राजेन्द्र चौहान, सूरज सौलंकी, किशोर माली को न्यायालय ने पहुंचाया जेल।

# बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 20 मार्च से

सीहोर(निप्र)। ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी।ऊर्जा विभाग में भर्ती के लिए नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लॉ असिस्टेंट, असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के लिए परीक्षा 20 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे, स्टोर असिस्टेंट, ड्रेसर, फायर मैन, जूनियर स्टेनोग्राफर, सिक्योरिटी गार्ड के लिए दोपहर 1 से 3 और जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल प्लांट के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ऑफिस असिस्टेंट ग्रेड 3 के लिए 21 मार्च को तीन सत्रों में सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक, जूनियर इंजीनियर सिविल के लिए 22 मार्च सुबह 9 से 11, प्लांट असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल दोपहर 1 से 3, प्लांट असिस्टेंट मैकेनिकल शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। इसी तरह असिस्टेंट मैनेजर एचआर, सिक्योरिटी सब इंस्पेक्टर के लिए 23 मार्च सुबह 9 से 11, असिस्टेंट मैनेजर आईटी, सिविल अटेंडेंट व रेडियोग्राफर के लिए दोपहर 1 से 3, लेब टेक्निशियन के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी।

## 3 अप्रैल से एकलव्य क्रिकेट समर कैंप हेतु प्रवेश प्रारम्भ

सीहोर(निप्र)। शहर के बीएसआई क्रिकेट ग्राउण्ड पर क्रिकेट समर कैंप का शुभारंभ किया जा रहा है, जो दिनांक 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 25 जून 2025 को समापन होगा।

एकलव्य क्रिकेट अकेडमी के संचालक जगदीश कुशवाह एवं मुख्य कोच अतुल कुशवाह ने बताया कि इस समर कैंप का एक मात्र उद्देश्य सीहोर शहर से प्रतिभाओं को एक नया मंच देने का है और प्रतिभाओं को तराशने का मुख्य उद्देश्य एकलव्य क्रिकेट अकेडमी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। शिविर के दौरान आईपीएल और रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी द्वारा समय-समय पर शिविर में शामिल होकर खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जावेगा। इस शिविर में 7 साल और 7 साल से बड़े बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रवेश हेतु अधिक जानकारी के लिये बच्चें अतुल कुशवाह के मोबाईल नम्बर 7999426714 एंव गौरव पिचोनिया के मोबाईल नम्बर 9893367763 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# भाजयुमो ने सेवा दिवस के रूप में मनाया पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्म दिवस



सीहोर(निप्र)। भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए बच्चों को फलों का वितरण कर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र पाटीदार, नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय, सत्यम राठौर, समीर सेन, नद्दू राठौर, विवेक राय , रवि शर्मा, सतीश पटेल, विजय पटेल, नितेश पटेल, मोहित राठौर, रोहित सूर्यवंशी, जितेंद्र यादव, आयुष तोमर, राज ठाकुर, विशाल परमार, विजय दुबे, आयुष राठौर, आयुष पटेल, रवि शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कवि महाकुंभ हुआ संपन्न

**भेरूंदा ग्राम अतरालिया के कवि अनभिज्ञ आनंद पगारे को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया**




भेरूंदा, नसरुल्लागंज(संजय कलमोर) । मध्य प्रदेश कलमकार परिषद ब्यावरा जिला राजगढ़ द्वारा आयोजक राजेंद्र खत्री "साहिल" सूत्रधार डालचंद मनमौजी समारोह प्रमुख पुरुषोत्तम फलौदी वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व सांसद ओमपाल निडर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ 28 फरवरी 2025 को अंजनी लला मंदिर परिसर में कवियों का महाकुंभ आयोजित हुआ ,जिसमें देश के विभिन्न प्रांतो से कवि एवं कवियित्रियों ने साहित्य की गंगा में डुबकी लगाई , भेरूंदा जनपद के ग्राम अतरालिया के कवि "अनभिज्ञ" आनंद पगारे ने साहित्य में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया कार्यक्रम दो चरण में संपन्न हुआ दिन के चरण में सभी कवि एवं कवियित्रियों को कविता पाठ करवाया और चयनित कवि कवियित्रियों को द्वितिय चरण में कवि सम्मेलन करवाया गया ,कवि "अनभिज्ञ" आनंद पगारे चयनित कवियों में से रहे जिन्हें दोनों चरण में कविता पाठ करवाया गया, प्रथम चरण मे( किसान और किसानी ) कविता सुनाकर सबको अपनी और आकर्षित किया और दूसरे चरण में (जंगल का अखबार) कविता नीव का पत्थर रही, आयोजन समिति द्वारा कवि "अनभिज्ञ" आनंद पगारे को आयोजन समिति द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया एवं कविता साहित्य में उज्जवल भविष्य की कामना की

**जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई पत्रकार वार्ता**

## भाजपा सरकार के खिलाफ सडक़ से सदन तक, जिलों में प्रदर्शन और आंदोलन होंगे, पूरी भाजपा जनता से सार्वजनिक माफी मांगे-कांग्रेस

सीहोर(निप्र) । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय में सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगणों की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि प्रदेश की भाजपा सरकार और सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी बताये जाने की ओछी मानसिकता, घृणात्मक-निकृष्ट सोच और भाजपा सरकार की महिला, किसान, युवा और जनविरोधी नीतियों के विरोध में मीडिया के समक्ष जनता की आवाज को बुंदल करने का निर्णय कांग्रेस पार्टी द्वारा लिया गया है। इसी तारम्यभ में आज यहां पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को भिखारी कहें जाने पर सवाल उठाते हुये उसके मुखिया और मंत्रियों पर निशाना साधा गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर वोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब भिखारी बता रही है।


## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर (म.प्र.)

E-Mail :- sdoftsehore@mp.gov.in, Mob. No. 9424790851

### विज्ञप्ति

क्रमांक/शिविर/919 सीहोर/दिनांक/03/03/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5(1)15 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52, 41 के अन्तर्गत जप्त किए गये हैं, कुछ प्रकरणों में वाहन मालिक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नही हो रहे हैं, प्रकरण ज्ञात/अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अत: विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी/उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सा.) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहनों में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहनों को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक /आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 42218/16 19.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर। | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | डूण्डालाबा से दिवड़िया कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 2 | 24698/20 19.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स। | MP-37-ZC-3106 | (आरोपी)बबलू आ.शांतीलाल नि. बोरदीकलॉ। | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | बोरदीकलॉ बस स्टेण्ड के पास अवैध रूप से मोटर साइकिल हीरो एच.एफ.डीलक्स MP-37-ZC-3106 द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 3 | 42245/05 20.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स। | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | बाराखम्बा से नीलबड़ के रास्ते पर अवैध रूप से मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स बिना नम्बर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 4 | 42240/12 22.02.2025 | 1.मो.सा.बजाज डिस्कबर काला रंग।<br>2.मो.सा बजाज डिस्कबर काला रंग। | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नंबर अस्पष्ट।<br>बिना नम्बर,चेचिस नम्बर, इंजन नंबर अस्पष्ट। | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | सोहनछापरी से रतनाखेड़ी मार्ग पर अवैध रूप से मोटर साइकिल बजाज डिस्कबर एवं मोटर साइकिल बजाज डिस्कबर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |
| 5 | 42218/17 22.02.2025 | मोटर साइकिल हीरो होण्डा सी.डी. डीलक्स। | बिना नम्बर, चेचिस नम्बर, इंजन नम्बर अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | बाराखम्बा से दिवड़िया मार्ग पर मोटर साइकिल हीरो होण्डा सी.डी. डीलक्स बिना नम्बर द्वारा सागौन इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त की गयी। |

( राजेश शर्मा )
प्राधिकृत अधिकारी/
उपवनमंडलाधिकारी ( सा. )सीहोर

जी/23787/24 **हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com